



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 136 | कोरबा, रविवार , दिनांक 15 फरवरी 2026 डाक 16 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का असम के डिब्रुगढ़ जिले के मोरन में रोड शो के दौरान लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



**देश-विदेश**

टी-20 वर्ल्ड कप मैच पर लगा करोड़ों का सट्टा पुलिस ने सटोरियों को पकड़ने के लिए बिछाया जाल



**फीचर पेज**

महाशिवरात्रि पर भद्रा का साया कब करें भगवान शिव की पूजा ? जानें शुभ मुहूर्त




## भारत-पाक मैच में करोड़ों का सट्टा, पुलिस भी अलर्ट



**रायपुर, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

टी-20 विश्वकप में रविवार को होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर करोड़ों रुपये का सट्टा लग गया है। सट्टेबाजी ऑनलाइन और ऑफलाइन की जा रही है। सटोरियों को बड़ा दांव लगाने के लिए बुकी कई तरह के ऑफर दे रहे हैं। सट्टेबाजों की नजर में भारतीय टीम को फेवरेट बताया गया है और इसी के अनुसार दांव लगाया जा रहा है। सटोरियों को बिना डर के खेलने के लिए किराए पर कमरे लिए गए हैं। कुछ होटलों में भी बुकिंग की गई है। इसका पता चलने पर पुलिस भी सक्रिय हो गई है और सट्टेबाजों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया है। सूत्रों का कहना है कि क्रिकेट वर्ल्ड कप शुरू होते ही पुराने और कुख्यात सटोरिए तेजी से सक्रिय हुए। अलग-अलग स्थान पर उन्होंने सट्टेबाजी शुरू की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सटोरियों, जुआरियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। 50 लाख कैश के साथ 4 सटोरिए पकड़ाए रायपुर पुलिस ने 50 लाख 35 हजार रुपए कैश के साथ 4 सटोरियों को पकड़ा है। चारों आरोपी ऑनलाइन सट्टा खिलाने और बेटिंग साइट्स की ID बेचने का काम करते थे। साथ ही पुलिस ने सटोरियों से जब्त बैंक खातों में करोड़ों रूपए होल्ड करा दिया है। मामला गंज थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, आरोपियों में खम्हारडीह निवासी रितेश गोविंदानी (32), मौदहापारा निवासी मोहम्मद अख्तर (32), डीडी नगर निवासी विक्रम राजकोरी (32) और पुरानी बस्ती निवासी सागर पिंजानी (30) शामिल हैं। पुलिस अब सट्टा खेलने वाले और ID खरीदने वालों की भी तलाश कर रही है।

## पीएम मोदी ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं, देश की खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद

**नईदिल्ली 15 फरवरी [एजेंसी]।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और हर नागरिक की भलाई और देश की खुशहाली के लिए भगवान शिव का आशीर्वाद मांगा। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, देश भर में मेरे सभी परिवार के सदस्यों को महाशिवरात्रि की ढेर सारी शुभकामनाएं।**

मेरी प्रार्थना है कि आदिदेव महादेव हमेशा सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। उनके आशीर्वाद से सभी का कल्याण हो और हमारा भारतवर्ष खुशहाली के शिखर पर विराजमान हो। इससे पहले दिन में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और शांति और तरक्की के लिए भगवान शिव की कृपा मांगी। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर, मैं अपने सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। मेरी प्रार्थना है कि महादेव की कृपा हम सभी पर हमेशा बनी रहे, और हमारा देश हमेशा तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ता रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी ऐसी ही भावनाएँ शेयर करते हुए पोस्ट किया, महाशिवरात्रि के पवित्र अवसर पर, मैं अपने सभी देशवासियों को दिल से बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ। मेरी प्रार्थना है कि महादेव की कृपा हम सभी पर हमेशा बनी रहे, और हमारा देश हमेशा तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़े।

### उज्जैन से काशी विश्वनाथ तक महाशिवरात्रि की धूम, 11 फुट का सेहरा पहने महाकाल, भक्तों की पांच किलोमीटर लंबी कतार



**नई दिल्ली 15 फरवरी।** देशभर में आज महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जा रहा है। आज के पावन दिन पर लोग भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सभी जगह मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का रुद्रभिषेक हो रहा है। महाशिवरात्रि के अवसर पर उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में आज 10 लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है। काशी के विश्वनाथ मंदिर में भी भारी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यहां रात से ही भक्तों की लंबी लाइन लगी है। उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल को दूल्हे की तरह सजाया गया है। भगवान के श्रृंगार के लिए तीन क्विंटल फूल आए हैं। महाशिवरात्रि के मौके पर यहां लगातार 44 घंटे दर्शन-पूजन होगा। लगातार दर्शन चलने की वजह से शयन आरती नहीं होगी। महाशिवरात्रि पर साल में एक बार होने वाली भस्म आरती भी 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे होगी। बनारस में भी महाशिवरात्रि की धूम मची है। हर कोई भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन है। काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान विश्वेश्वर की मंगला आरती हुई। काशी विश्वनाथ मंदिर में रात 2.15 बजे मंगला आरती की गई और मंदिर रात 3.30 बजे ही दर्शन के लिए खुल गया।

## किसानों की आय बढ़ाने में हम तत्पर है : सीएम साय



**रायगढ़ 15 फरवरी। रायगढ़ से सीएम विष्णु देव साय का बहुत बड़ा बयान सामने आया है। सीएम का यह बयान काफी तूल पकड़ रहा है। क्योंकि सीएम के दोनों बयान छत्तीसगढ़ के दो बड़े मुद्दे हैं। चलिए विस्तार से पूरा मामला बताते हैं।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में रायगढ़ में एक महत्वपूर्ण बयान देते हुए कहा कि राज्य में नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य है कि 31 मार्च तक नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो जाए और राज्य के विकास की राह में कोई बाधा न रहे। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र पिछले चार दशकों से विकास से अछूता रहा है और अब इसे तेजी से विकास की ओर अग्रसर करना प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि अब राज्य सरकार इन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दे रही है और स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर रही है।वहीं, सीएम साय ने छत्तीसगढ़ में हुई धान खरीदी को लेकर भी बयान दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। इस साल राज्य में 25 लाख 24 हजार किसानों का धान खरीदा गया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि किसानों को उनकी धान की अंतर की राशि होली से पहले वितरित कर दी जाएगी। इसका उद्देश्य न केवल किसानों की वित्तीय स्थिति मजबूत करना है, बल्कि उन्हें समय पर उनकी कमाई उपलब्ध कराकर आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करना है।

## रजा पहलवी ने यूएस राष्ट्रपति से लगाई मदद की गुहार कहा- इस्लामिक रिपब्लिक को खत्म करने का समय



**नई दिल्ली 15 फरवरी।** ईरान के आखिरी शाह के देश निकाला पाए बेटे रजा पहलवी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप से गुहार लगाई है। रजा पहलवी ने ट्रंप से ईरानी लोगों की मदद करने की अपील की। अमेरिका में रह रहे रजा पहलवी 1979 की इस्लामिक क्रांति से पहले ईरान नहीं लौटे हैं। इस क्रांति ने ईरान से राजशाही को हटा दिया था। म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में रिपोर्टरों से बात करते हुए रजा पहलवी ने कहा, इस्लामिक रिपब्लिक को खत्म करने का समय आ गया है।

पहलवी ने देश और विदेश में रह रहे ईरानियों से ईरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जारी रखने की अपील की है। रजा पहलवी ने ईरानी लोगों से शनिवार और रविवार की रात आठ बजे अपने घरों और छतों से नारे लगाने की अपील की है, ताकि जर्मनी और दूसरी जगहों पर होने वाले विरोध प्रदर्शन ईरान में हो रहे प्रदर्शनों के साथ मेल खा सकें।

## दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर एनकाउंटर में गिरफ्तार

**बाहरी दिल्ली 15 फरवरी।** बवाना में उद्यमी की गोली मारकर हत्या मामले में बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक शूटर को शनिवार की देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान अरुण ठाकुर उर्फ पागल के रूप में हुई है। नौ फरवरी को बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक उद्यमी को बाइक से आए चार बदमाशों ने दौड़ा-दौड़ा कर गोली मार दी थी। वारदात के बाद कुख्यात लारेंस बिश्नोई गिरोह के नाम से जुड़े रणदीप मलिक और अनिल पंडित ने हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

इंटरनेट मीडिया के जरिए यह दावा किया गया था कि एक कारोबारी से मांगे गए फिरौती मामले में बीच में आ रहा था।वारदात के बाद बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने कई विशेष टीमों का गठन कर आरोपितों की तलाश शुरू की। लगातार दबिश और तकनीकी निगरानी के बाद शनिवार देर रात मुनक नहर के पास एक आरोपित की लोकेशन मिली। पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर आरोपित को रुकने का इशारा किया, लेकिन आरोपित ने पुलिस पर चार राउंड फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दो गोलियां चलाईं, जो आरोपित के पैर में लगी।

### शिवरात्रि की सुबह दर्दनाक हादसा

## मंडी में 200 मीटर गहरी खाई में गिरी गाड़ी, तीन की मौत



**थुनाग, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

शिवरात्रि महोत्सव की सुबह सराज में हुए भयानक हादसे में तीन नौजवानों की मौत हो गई, एक गंभीर घायल है। हादसा सुबह चार बजे के करीब हुआ। चार दोस्त घर से जीप निकले थे और जीप बुनालीधार के समीप हादसे का शिकार हुई। दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि तीसरे ने अस्पतालों में अंतिम सांस ली। हादसा घर से 24 किलोमीटर दूर हुआ था। गाड़ी योगराज निवासी बगस्याड की है। हादसे में योगराज के बेटे हार्दिक का भी निधन हो गया है। रविवार सुबह जीप एचपी 65 5148 को लेकर सुबह चारों दोस्त घर में बिना किसी को बताए गाड़ी लेकर निकल गए। घर से कुछ दूरी पर लंबाथाच-कलहणी सड़क पर बूनालीधार के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा।

गिरी गाड़ी गिरने की आवाज सुनते ही आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दो युवक गाड़ी के बाहर पड़े थे, दो अंदर तुरंत इन घायलों को उठाकर अस्पताल ले जाया गया जहां पर दो युवकों को चिकित्सक ने मृत घोषित किया जबकि तीसरे ने थोड़ी देर बाद दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। हादसा इतना भयानक था कि युवकों की पहचान नहीं हो पा रहीं है। बताया जा रहा है कि युवक आईटीआई में पढ़ाई कर रहे थे। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जहां आरंभ पर दी है। थाना प्रभारी जंजैहली रामकृष्ण ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।






## आईआईटी मद्रास, बर्कले में पढ़ाई और फिर कैलिफोर्निया में मौत...

**नईदिल्ली 15 फरवरी [एजेंसी]।**



भारतीय युवक साकेत श्रीनिवासैया की मौत ने हर किसी को हैरान कर दिया है। अमेरिका में इस 22 साल के युवक की मौत हो गई है। साकेत यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले से मास्टर डिग्री कर रहा था। साकेत श्रीनिवासैया छह दिनों से यूनिवर्सिटी कैंपस से लापता था। इन छह दिनों में साकेत को ढूंढने की कोशिश लगातार जारी रही, लेकिन साकेत के बारे में कोई खबर नहीं मिल रही थी। भारतीय कॉन्सुलेट ने साकेत के लापता होने के छह दिन बाद जानकारी दी है कि पुलिस को उनकी बॉडी मिल गई है। साथ ही भारतीय कॉन्सुलेट ने साकेत के शव को भारत वापस भेजने में हर तरह की मदद का भरोसा दिया है। साकेत श्रीनिवासैया कर्नाटक के रहने वाला था और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले में केमिकल और बायोमॉलिक्यूलर इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में एनरोल्ड थे। साकेत के लिंक्डइन प्रोफाइल से मिली जानकारी के मुताबिक, साकेत C बर्कले में केमिकल और बायोमॉलिक्यूलर इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में मास्टर्स का स्टूडेंट था। इसने आईआईटी मद्रास से अंडरग्रेजुएट डिग्री ली है।

साकेत को सॉफ्ट और एक्टिव मटीरियल, सेमीकंडक्टर और एडवांस्ड मटीरियल में डीप-टेक इनोवेशन का पैशन है। साकेत यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले से प्रोडक्ट डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत मास्टर ऑफ साइंस कर रहे थे। अगस्त 2025 में साकेत ने यहां से पढ़ाई की शुरुआत की थी और मई 2026 में यह कोर्स पूरा होना था।


स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


### शार्ट सर्किट से घर में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक



**करनाल।** विकास नगर में एक मकान में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई और घर में रखा सारा सामान जल गया। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घर के मालिक सुभाष ने बताया कि वह घर में अपनी पत्नी और दोहती के साथ रहता है। वह कल शाम को रिक्शा चलाने गया हुआ था। उसकी पत्नी खाना बनाने का काम करती है तो वह खाना बनाने गई हुई थी, उसकी दोहती गली में खेल रही थी। अचानक शार्ट सर्किट से उसके मकान में आग लग गई।

# वाटर हार्वेस्टिंग के मामले में पूर्वजों ने बहुत पहले किया था काम:श्याम बिहारी

**कलार समाज ने किया अधिवेशन का आयोजन**

**कोरबा।** सर्ववर्गीय कलार समाज का वार्षिक अधिवेशन पाली केराझरिया स्थित कलार समाज के भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दूरस्थ अचल व 11 इकाइयों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कुलदेवी माता महामाया तथा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा पर धूप-अगरबत्ती के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कुलदेवी माता महामाया एवं भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की स्वास्थ्य मंत्री ने समाज के लोगों के साथ पूजा कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष पाली कटघोरा बृजमोहन डिक्सेना,सर्ववर्गीय कलार समाज अध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना, सचिव कटघोरा पाली परिक्षेत्र देववाल डिक्सेना, सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, जनपद सदस्य सत्यनारायण पैकरा, अजय जायसवाल नगर पंचायत अध्यक्ष आदि उपस्थित थे। मंत्री जायसवाल ने कहा कि समाज हित के लिए हर प्रयास करें, शिक्षा को विशेष रूप से अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही समाज के इतिहास को करीब से जान सकता है। हरसंभव मदद के लिए तथासमाज में समर्पण करने वाले लोगों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने 25 लाख रुपए नए भवन निर्माण के लिए देने की घोषणा की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी प्रसाधन के लिए 5 लाख की घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा समाज में लगातार विशेष योगदान के लिए महाबीर डिक्सेना, नंदलाल जायसवाल, कीर्ति कुमार जायसवाल, दिनेश जायसवाल का शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया गया। एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत औषधीय पौधों का रोपण अतिथियों द्वारा किया गया।



## मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में 27 छात्राओं ने बी-सर्टिफिकेट परीक्षा में हिस्सा लिया



**कोरबा।** गवर्नमेंट मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए 'बी' सर्टिफिकेट आयोजित की गई। परीक्षा के लिए बाह्य परीक्षक के रूप में गोविंद माधव उपाध्याय कार्यक्रम अधिकारी (रासेयो) केएन कॉलेज उपस्थित रहे। उन्होंने लिखित और मौखिक परीक्षा ली। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना पर आधारित कार्यक्रम, जिसमें सात दिवसीय शिविर, नियमित गतिविधि, जन जागरूकता, स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लक्ष्य गीत, युवा गीत, सड़क सुरक्षा, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण जागरूकता, महत्वपूर्ण दिवस और इस वर्ष का थीम 'नशा मुक्त समाज के लिए युवा 'पर आधारित प्रश्न पूछ कर जानकारी प्राप्त की गई। परीक्षा में सफल स्वयंसेवकों को 'बी' प्रमाण पत्र के लाभ और महत्व के बारे में बताया। इस परीक्षा में 27 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया।

## भगवान शिव की आराधना से मिलती है सुख शांति: सोनू

**कोरबा।** कोयलांचल दीपका के सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र सोनू राठौर ने समस्त कोरबा जिला एवं प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।



उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व आस्था, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। भगवान शिव की आराधना से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार होता है। यह पावन पर्व हमें सत्य, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।सुरेंद्र सोनू राठौर ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी श्रद्धालु शिवालयों में पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश फैलाएं।



## पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस

**कोरबा।** गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल साडा टीपीनगर में शनिवार को ब्लैक-डे और मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित छात्राओं और शिक्षकों ने शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त कर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इसके बाद मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया। इसमें सामाजिक संस्था 'संस्कारम' की संरक्षिका चित्रलेखा चंदेल मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने कहा कि माता-पिता ही जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। उनके संस्कार, त्याग और मार्गदर्शन से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने छात्राओं से माता-पिता के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और सेवा भाव बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ममता रानी वासन ने आधुनिक जीवनशैली के दौर में पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में बच्चों को माता-पिता से सतत संवाद बनाए रखना चाहिए और उनके अनुभवों से सीख लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए

## यातायात नियमों व सायबर क्राइम की दी गई जानकारी




**कोरबा।** शहर के समीप कोरकोमा के सरकारी स्कूल में अटल बिहारी बाजपेयी विश्व विद्यालय बिलासपुर से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के छात्रों का 7 दिवसीय कैंप चल रहा है। 15 फरवरी तक चलने वाले उक्त कैंप में शुक्रवार को यातायात पुलिस, महिला सेल व सायबर थाना की संयुक्त पुलिस टीम जागरूकता अभियान के तहत पहुंची।संयुक्त टीम ने कैंप में शामिल 240 छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही डिजिटलाइजेशन के दौर में साइबर क्राइम के बढ़ने, अभिव्यक्ति एप समेत विषम परिस्थितियों में निपटने जानकारी दी गई। इस दौरान यातायात पुलिस से ट्रेनर मनोज राठौर, महिला सेल से प्रभारी भावना खंडारे, सायबर थाना से ग्रेवेरिया कोर्राम समेत जशप्रीत कौर व लच्क्षन चंद्रा उपस्थित रहे।

## 28 स्वयंसेवकों ने एनएसएस की बाह्य परीक्षा दी

**कोरबा।** गवर्नमेंट उच्चतर माध्यमिक स्कूल छुरीकला की एनएसएस इकाई से जुड़े 28 स्वयंसेवकों ने बाह्य परीक्षा दी है। स्कूल में सत्र 2025-26 का ए-प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बाह्य परीक्षक व्याख्याता गोविंद देवांगन, प्राचार्य एक्का ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन से किया। देवांगन ने कहा कि स्वयंसेवक जीवन में आने वाले किसी भी समस्या को हल करने में दूसरे छात्रों की



तुलना में ज्यादा सक्षम होते हैं। स्वयंसेवकों को एनएसएस के स्वयंसेवकों को जारी करने वाले ए-प्रमाणपत्र की उपयोगिता व महत्व समझाई। साथ ही भविष्य में इसकी उपयोगिता भी समझाई। स्वयं सेवक बाह्य परीक्षा में 28 स्वयं सेवक और स्वयं सेविकाओं ने परीक्षा दी। कार्यक्रम अधिकारी रीना निर्णेजक और हरदयाल सिंह कंवर ने सभी स्वयंसेवकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बाह्य परीक्षा को सफल बनाने स्कूल परिवार का योगदान रहा। बाह्य परीक्षा में शिवम देवांगन, शिवहरी देवांगन, सौरभ यादव, दीपक कुमार कंवर, निहाल यादव, सृष्टि नामदेव, जया नामदेव, बबिता भारिया, अंशु भारिया समेत अन्य शामिल हुए।

## मेडिकल कॉलेज में वार्षिक खेल समारोह का शुभारंभ

कोरबा। स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति मेडिकल कॉलेज कोरबा में वार्षिक खेल समारोह काइनेटिक्स 2026 का शनिवार को पहले दिन शनिवार को शुभारंभ हुआ। इस दौरान कॉलेज के डीन डॉ. केके सहारे, एमएस डॉ. असिस्टेंट मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रविकांत जाटवर समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मेडिकल स्टूडेंट मौजूद थे। 14 फरवरी से 16 फरवरी तक आयोजित समारोह में मेडिकल स्टूडेंट आउटडोर गेम्स, इंडोर गेम्स के साथ ही एथलेटिक्स व फन गेम में भाग लेंगे।

# त्रिवेणी इंजिकॉन्स कर रहा था बिना सुरक्षा के काम, मजदूर की मौत पर मामला दर्ज

### दीपिका पुलिस कर रही मामले की जांच

**कोरबा।** कार्य के दौरान मलबा गिरने से मजदूर विशाल नायक की मौत एवं एक अन्य मजदूर के घायल होने के मामले में दो लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। घटना पिछले साल 25 अक्टूबर को दीपका थाना अंतर्गत गेवरा हेलीपेड के पास हुई थी। त्रिवेणी इंजीकान्स की साइट हेलीपेड गेवरा के पास सेंटरिंग का काम चला रहा था। मजदूर पर लगे हुए थे। शाम लगभग 5 बजे मिट्टी गिरने से दो मजदूर दब गए। दोनों को एनसीएच अस्पताल गेवरा लाया गया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण कर विशाल नायक को मृत घोषित कर दिया। उसके भाई करण को ईलाज के लिए भर्ती किया। विशाल नायक 26 साल निवासी कुंजडीह थाना जिला सराईकला झारखंड की मौत पर मर्गकायम कर जांच में लिया गया। पुलिसने जांच में पाया कि नाली निर्माण कार्यके दौरान सुरक्षा के लिए ठेकेदार,जीएम एवं कार्य कराने वाले के द्वाराकोई सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं करानेव कार्य कराने में लापरवाही बरतने केकारण हादसा हुआ। जांच पश्चातत्रिवेणी इंजीकान्स लिमि. कंपनी केठेकेदार जीएम मुस्ताक आलम व कार्यकराने वाले तबारक अंसारी पर धारा106 (1) के तहत केस दर्ज किया है।कार्य में लापरवाही के दौरान इस तरहके अन्य मामले भी सामने आए हैं।इसकी जांच पुलिस कर रही है। दीपकाथाना क्षेत्र में ही कार्य के दौरान दो ठेकामजदूर मारे गए थे। इन मामलों कीजांच भी पुलिस मर्ग कायम कर कररही है। पुलिस का कहना है किपरिजनों का बयान दर्ज करने के बादही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# मरम्मत के नाम पर कई स्थानों पर गिट्टी और मिट्टी डालकर की गई खानापूर्ति

**कोरबा** । आरएसएस नगर से दादरखुर्द की सड़क अत्यत जर्जर हो गई है। जगह-जगह गड्ढे बन गए है। यातायात का दवाव इतना अधिक है कि इन गड्ढों के कारण यहा हादसे की आशका बनी हुई है। बावजूद इसके समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

नगर निगम क्षेत्र में पडित रविशकर शुक्ल नगर से ककालीन मंदिर दादरखुर्द तक की सड़क जर्जर हो चुकी है। मार्ग पर दो-तीन खतरनाक मोड हैं। इस मोड की सड़क भी काफी खराच हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। मार्ग पर दोपहिया, चारपहिया, स्कूल बस महित अन्य वाहनो का दवाव रहता है। गड्?ढों में वाहनों के पहिए पड़ने से गाडिया अनियंत्रित हो जाती है। इससे दुर्घटना की आशका बनी रहती है। कई बार लोग इस मार्ग पर हादसे का शिकार भी हुए हैं। शाम के समय छोटी घटनाएं आम हा गई है। वही मार्ग पर मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। सड़क पर कहीं गिट्टी तो कहीं सीमेट का मिश्रण डान्न दिया गया है, कुछ स्थानों पर मिट्टी डप कर दिया गया है। वाहनों के दवाय से मड़क पर धूल के गुबार उड़ रहे है। वहीं सड़क के आसपास रहने वाले कुछ लोग धूलसे राहत पाने के लिए सड़क पर पानी का छिड़काव कर रहे हैं। ऐसे में सड़क पर कीचड़ हो रही है। कीचड़ के कारण दोपहिया वाहन चालकों की परेशानी और बढ़ रही है। कई बारगड्ढे से बचने के लिए बाइक चालक आपस में टकरा जाते हैं तो कई बार वाहनों के पहिए फिसल जाते हैं। इस वजह से मार्ग पर आए दिन छोटी छोटी दुर्घटनाएं हो रही है। लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के लिए जनप्रतिनिधियों व विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है। लेकिन विभाग की ओर से इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सडक के साथ-साथ इस मार्ग पर स्थित स्ट्रीट लाइटा की स्थिति भी ठीक नहीं है। नगर निगम की ओर से रविशकर शुक्ल नगर होकर दादरखुर्द तक लगाई गई कई लाइटें खराब है।मोड़ के पास सड़क पर ढलानआरएसएस नगर से दादरखुडं रोड पर खतरनाक मोड के पास ही सड़क पर ढलान है। इससे वाहनों के पहिए स्वय ही तेज हो जाते हैं। वही चढाव वाले रास्ते पर भी सडक अत्यत खराब हो चुकी है। दादर नाला की सडक काफी सकरी है। इसके चौडीकरण की भी आवश्यकता महसूस की जा रही है। यहां सकेतक भी नहीं लगाया गया है। इससे हादसे का डर बना हुआ है।दादर नाला की ऊचाई काफी कम है। बारिश के दिनों में दादर नाला उफान पर रहता है। कई बार तो पानी अधिक होने से एक ओर से दूसरी ओर जाने में भी दिक्कत होती है। बारिश में दादर नाला उफान पर था इससे कई घरो में पानी घुत्त गया था. लेकिन न तो नाला के आसपास चौडीकरण हुआ और न ही सड़क बनी। नाला पर समय के साथ अतिक्रमण भी तेजी से बढ रहा है।

## आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत कोरबा में 16 फरवरी को

**कोरबा** । आरजीआई पोर्टल से आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु 16 फरवरी को जनपद पंचायत कोरबा के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से अपरांह 01 बजे तक तथा दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा दिया जायेगा।जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि जिला चिकित्सालय कोरबा, शहरी प्राथमिक केन्द्र ढोढ़ीपारा, एसईसीएल कोरबा (मुड़ापार), सीएसईबी पूर्व, ईएसआईसी अस्पताल कोरबा, समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र विकासखंड कोरबा के लिए प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जायेगा। इसी तरह नगर पालिका कोरबा एवं जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत सचिवों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक किया जायेगा।

## पूर्व मंत्री जयसिह ने दी महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी



**कोरबा** । पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने महाशिवरात्रि व्रत पर्व के पावन बेला पर कोरबावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है । श्री अग्रवाल ने अपने शुभकामना संदेश में क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा है कि भारतीय व्रतों में महाशिवरात्रि व्रत का बड़ा महत्व बताया गया है । भगवान शिव हर हमेशा भक्तों का मंगल करते हैं और ऐश्वर्य, संपत्ति, प्रगति, आदर्श, दीघार्यु, समृद्धि एवं प्रसिद्धि प्रदान करते हैं । भगवान शिव को मंगलकारी और कल्याणकारी माना गया है । पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि भारत में आत्मिक उन्नति और मानसिक शांति के लिए व्रत का विधान प्रचलित है। व्रत करने से आत्मा शुद्ध होती है और आत्मबल सुदृढ़ होता हे । महाशिवरात्रि व्रत पर्व के अवसर पर सभी शिव भक्तों के मनोरथ पूर्ण होने की कामना भोलेशंकर से करता हूं ।

## चेक बाउंस: 6 महीने की सजा 4.8 लाख भुगतान का आदेश

**गेवरा-दीपका।** चेक बाउंस के मामले में कोर्ट ने आरोपी पर 6 माह की सजा और 4.8 लाख भुगतान का आदेश दिया है। श्रीराम फाइनेंस कंपनी से बांकीमोंगरा गायत्री मंदिर मोहल्ला निवासी रूकमणि बाई ने लोन लिया था। इसके एवज में कंपनी को चेक दिए थे। फाइनेंस कंपनी की ओर से चेक को बैंक में लगाया गया, तो वे बाउंस हो गए।

पाली महोत्सव 2026 का शुभारंभ आज

## उपमुख्यमंत्री मंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल

**कोरबा** । आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन करेंगे। समारोह में सांसद कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, विधायक रामपुर श्री फूलसिंह राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष श्री अजय जायसवाल तथा ग्राम पंचायत केराझरिया की सरपंच श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैंकरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।शुभारंभ अवसर पर बॉलीवुड के लोकप्रिय गायक मीत ब्रदर्स, खुशबू ग्रेवल और सलमान अली अपने गीतों से समां बांधेंगे। छत्तीसगढ़ी कलाकार दीपक साहू और छत्तीसगढ़ी गायक ऋषिराज पांडेय द्वारा छत्तीसगढ़ी कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान कठपुतली नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। पाली महोत्सव के अवसर पर युवाओं के उत्साह को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 15 फरवरी को साइकिल रेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है।समापन समारोह 16 फरवरी को16 फरवरी को महोत्सव का समापन समारोह शाम 7 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजिनक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन उपस्थित रहेंगे तथा अध्यक्षता सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, विधायक रामपुर श्री फूलसिंह राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, महापौर नगर निगम श्रीमती संजू देवी राजपूत, उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत पाली श्री अजय जायसवाल, सरपंच ग्राम पंचायत केराझरिया श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैंकरा शामिल होंगे।

समापन संध्या में छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय गायक श्री अनुज शर्मा अपनी सुमधुर प्रस्तुति देंगे। साथ ही बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर अपने चर्चित गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। साथ ही लवली शर्मा द्वारा सितार वादन, स्थानीय कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा कठपुतली नृत्य की प्रस्तुति भी दी जाएगी।पाली महोत्सव 2026 धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता और मनोरंजन का भव्य उत्सव साबित होगा, जिसमें क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल होकर इस आयोजन को यादगार बनाएंगे।

# प्रदूषण नियंत्रण को लेकर स्थाई विकल्प देने की मांग रखी



**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सरमा में शनिवार को गिट्टी खदान व क्रेशर प्लांट के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने जनसुनवाई का आयोजन किया। इस मौके पर उपस्थित अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल से ग्रामीणों ने कहा कि गांव में प्रदूषण नहीं होना चाहिए। इसे रोकने के लिए ठोस उपाय किए जाने चाहिए। गौण खनिज से जो भी रॉयल्टी मिलती है, उससे गांवों का विकास होना चाहिए। पसान तहसील के सरमा में मेसर्स सरस्वती माइनिंग और क्रसिंग की उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष 100 से 420 टन की जा रही है। इसी तरह तनेरा में मेसर्स नारायणी उद्योग एंड कंस्ट्रक्शन की उत्खनन क्षमता 50 हजार 48 टन प्रति वर्ष के लिए सुनवाई की गई। ग्रामीणों ने कहा कि जो भी मापदंड हैं, उसे पूरा किए बिना अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इस मौके पर क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी के साथ सरपंच प्रमिला मरपच्ची, सरमा सरपंच शिवकुमार उइके, पसान थाना प्रभारी चंद्रपाल खांडे आदि मौजूद रहे। गिट्टी खदान व क्रेशर प्लांट की जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीण।

# विभागीय टीईटी व पत्राचार से बीएड कराने पर विचार कर रहा शिक्षा विभाग

**कोरबा** । सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करने और जिन शिक्षकों की सेवा 5 साल से अधिक बची है, उन्हें सेवा में बने रहने दो वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करने के आदेश से हड़कंप मचा है। जो शिक्षक टीईटी उत्तीर्ण नहीं हैं, उनके लिए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने पहल की है। इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग विभागीय टीईटी और पत्राचार से बीएड कराने पर विचार कर रहा है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में ऋतुराज रघुवंशी संचालक डीपीआई, अशोक नारायण बंजारा सहायक संचालक से मुलाकात कर टीईटी के लिए विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित करने व पत्राचार के माध्यम से बीएड प्रशिक्षण कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनोज चौबे ने बताया कि चर्चा में पक्ष रखा गया है कि छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती और सेवा की शर्तें नियम 17 अगस्त 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया है। इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के 1f सतंबर 2025 को पारित निर्णय में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर कर अत्यंत आवश्यक हो तो शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित कर सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा की जाए। विभागीय समिति टेट परीक्षा के िलए संयोजक डीपीआई हों और प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परीक्षा संयोजक के रूप में विभागीय समिति परीक्षा लें, पदोन्नति के िलए विभागीय समिति परीक्षा पूर्व में भी सफलता पूर्वक आयोजित किया था।



# तारपीन डालकर युवती को जिंदा जलाने का आरोप लगा ब्वायफ्रेंड पर

### पुलिस पर कार्यवाही नहीं करने का आरोप

**सक्ती।** जिले में मां ने अपनी बेटी को जिंदा जलाने का आरोप उसके बॉयफ्रेंड पर लगाया है। यह भी आरोप है कि घटना के बाद बॉयफ्रेंड के दोस्तों ने युवती को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, 8 दिनों तक चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।

इधर, युवती की मां ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आदिवासी होने के कारण दबाव बनाया जा रहा है। किसी तरह से कार्रवाई करने से इनकार किया जा रहा है। ऐसे में उन्होंने मुख्यमंत्री से न्याय की मांग की है।




मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, गर्लफ्रेंड का नाम दिशा मरावी (23) है, जो वार्ड नंबर-11 झूलकदम की रहले वाली थी। जबकि बॉयफ्रेंड का नाम योगेन्द्र साहू है, वह सकरेली कला का रहने वाला है। आरोप है कि योगेंद्र ने तारपीन डालकर दिशा को आग के हवाले कर दिया।

बाद में योगेंद्र के दोस्त ने दिशा को अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद अननोन नंबर मामले की जानकारी युवती की मां को दी। हालांकि, इस मामले में अब तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बलौदा में मतदाता सूची से 70 लोगों का नाम काटा गया

**बलौदा।** नगर पंचायत बलौदा में मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम विलोपित कराने के आरोप ने हड़कंप मचा दिया है। वार्ड क्रमांक 3 और 4 के भाग संख्या 56 में लगभग 70 वैध मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फार्म-7 भरे जाने की जानकारी मिलते ही मतदाता शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार अमरनाथ श्याम को ज्ञापन सौंपा। मतदाताओं ने आरोप लगाया कि साजिश के तहत रेडिमेड टाइप किए हुए फार्म-07 लेवाई, बुडगहन और बगडबरी के ग्रामीणों के पास पहुंच गए। इन ग्रामीणों के नाम से बलौदा के मतदाताओं के नाम विलोपित करने के लिए फार्म जमा भी कर दिए गए, जबकि ये ग्रामीण बलौदा के मतदाताओं को पहचानते तक नहीं हैं। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि यह गंभीर अनियमितता है, जिसकी गहराई से जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही मतदाताओं ने इस तरह की अवैध कार्रवाई रोकने की मांग भी की है। तहसीलदार अमरनाथ श्याम ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि किसी भी वैध मतदाता का नाम नहीं काटा जाएगा।

## दुपहिया के डिवाइडर से टकराने की घटना में एक की मौत

**जांजगीर-चांपा।** शनिवार की दोपहर चांपा बस स्टैंड के पास बाइक डिवाइडर से टकरा गई। बाइक पर पिता-पुत्र सवार थे। दुर्घटना में पिता सरजू भैना की मौत हो गई, जबकि पुत्र आशीष गंभीर रूप से घायल है। ग्राम पचौरी निवासी सरजू भैना अपने पुत्र आशीष के साथ बाइक क्रमांक सीजी 11 बीए 2465 से महुदा में मेला देखने जा रहे थे। जैसे ही वे चांपा महाराणा बस स्टैंड के पास पहुंचे, अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप वाहन से भी जा भिड़ी। हादसे के बाद आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तुरंत चांपा के शासकीय बीडीएम अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद सरजू भैना को मृत घोषित कर दिया। पुत्र आशीष का इलाज अस्पताल में जारी है। गौरतलब है कि 10 फरवरी को भी चांपा के गौरव पथ, नगर पालिका कार्यालय के पास तेज रफ्तार तूफान सीजी 11 बीएम 5731 वाहन चालक ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में 21 वर्षीय आकाश केशरवानी की मौत हो गई थी। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने क्षेत्र में चिंता बढ़ा दी है।

## लूटपाट के साथ युवक की हत्या के मामले में सक्ती पुलिस दूसरे एंगल से कर रही जांच



**सक्ती।** सक्ती जिले के हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम देवरघटा निवासी 40 वर्षीय खोजराम नारंगे की मध्य प्रदेश के इंदौर में हत्या कर दी गई। उनका शव रेलवे पटरी के पास मिला। प्रारंभिक जांच में गला रेतकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है।

बाणगंगा पुलिस थाना को 12 फरवरी की सुबह करीब 8 बजे एमआर-4 रेलवे पटरी के पास शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान खोजराम नारंगे के रूप में की। वे इंदौर के पोलोग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत थे।

**गले पर गहरे वार के निशान**

पुलिस के अनुसार, शव पर गले पर गहरा वार और शरीर पर अन्य चोटों के निशान पाए गए हैं। आशंका है कि धारदार हथियार से हमला किया गया है। खोजराम 11 फरवरी की रात अपने कमरे पर नहीं लौटे थे, जिसके बाद उनके साथियों ने तलाश शुरू की थी।

**पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा**

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम देवरघटा लाया जा रहा है, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। मामले की जांच जारी है। पुलिस लूट और आपसी विवाद दोनों पहलुओं से पड़ताल कर रही है। मृतक के सहकर्मियों और फैक्ट्री से जुड़े लोगों से पूछताछ की जा रही है।

**सीएम ने दिया हर संभव मदद का भरोसा**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मृतक की पत्नी से फोन पर बात कर संवेदना व्यक्त की और हर संभव शासकीय सहायता का आश्वासन दिया। क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा ने भी परिजनों से मुलाकात की।

## सक्ती में वन विभाग की कार्रवाई

**सक्ती।** जिले में वन विभाग ने अवैध लकड़ी परिवहन और वन संरक्षण के नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की है। विभाग ने जैजैपुर क्षेत्र में संचालित दो आरा मिलों को सीलबंद कर दिया। यह कार्रवाई वनमण्डलाधिकारी के मार्गदर्शन में सक्ती वन परिक्षेत्र और उड़नदस्ता दल की संयुक्त टीम ने की। जैजैपुर क्षेत्र में हलेश्वर कुमार साहू, तुषार और गोपाल प्रसाद चंद्रा द्वारा संचालित आरा मिलों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान आवश्यक अभिलेखों, लाइसेंस और अन्य वैधानिक प्रावधानों की विस्तृत जांच की गई।

## नेताजी चौक के पास खड़ी मोपेड में लगी आग, बोर के पानी से किया काबू

**जांजगीर।** शहर के व्यस्त इलाके नेताजी चौक के पास गुरुवार रात करीब 11 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के बाहर खड़ी एक स्कूटी में अचानक आग लग गई। कुछ ही पलों में आग ने तेज रूप ले लिया और वाहन धू-धू कर जलने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने लपटें उठते ही घरवालों को आवाज दी और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी घर के मुख्य द्वार के सामने खड़ी थी। पहले धुआं उठता दिखा, फिर अचानक आग भड़क गई। घर के लोग भी तुरंत बाहर आए और पानी फेंककर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह जल चुकी थी। बोर के पानी से किसी तरह आग बुझाई गई। प्राथमिक आशंका शॉर्ट सर्किट या वाहन में किसी तकनीकी खराबी की बताई जा रही है। घटना से इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति रही।



## निर्वाण पर्व पर श्रद्धा के साथ चढ़ाया लाडू



**अकलतरा।** जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव जैन समाज द्वारा जैन मंदिर में मनाया गया। सुबह 7 बजे भगवान मुनिसुव्रतनाथ का जलाभिषेक किया गया। शांति धारा का सौभाग्य शरद जैन, प्रखर जैन, रूपेश जैन, राज जैन, राहुल जैन, रम्यक जैन, राकेश जैन और हर्ष जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

भगवान के निर्वाण पर्व पर पूजा-अर्चना कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। मोक्ष कल्याणक के अवसर पर 108 श्रीफल अर्पित कर विश्व शांति की कामना की गई। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन और सचिव रूपेश जैन ने बताया कि 20वें तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ का जन्म बिहार के राजगृह में राजा सुमित्र और महारानी पद्मावती के पुत्र के रूप में हुआ था। बचपन से ही उन्होंने राजपाट और वैभव का त्याग कर धर्म मार्ग अपनाया। कठिन तपस्या करते हुए फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की बारस तिथि को सम्मेद शिखर पर्वत पर साधना के दौरान उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई।

अकलतरा जैन मंदिर में पिछले 120 वर्षों से भगवान मुनिसुव्रतनाथ को मूलनायक के रूप में स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। कार्यक्रम में जैन समाज के उपाध्यक्ष विमल जैन, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, सहसचिव राजा जैन, शैलेंद्र जैन, प्रफुल्ल जैन, देवेंद्र जैन, प्रकाश जैन, वीरेंद्र जैन, अरविंद जैन, सुनील जैन, सुशील जैन, रवि जैन, राकेश जैन, संजय जैन, विजय किशोर जैन, शरद जैन, बबलू जैन, इंद्रकुमार जैन, बाबू जैन, प्रवीण जैन, सोपनिल जैन, अजित जैन, कमल जैन, रितेश जैन, दीपक जैन, नितिन जैन, सौरभ जैन, हिमांशु जैन, हर्ष जैन, हनी जैन, यश जैन, गीतेश जैन, साकेत जैन आदि उपस्थित रहे।



### रंग-बिरंगी रंगोली, नुक्कड़ नाटक से बच्चों ने जल संरक्षण का संदेश दिया

**जांजगीर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सक्ती के तत्वावधान में नवापाराकला में 'जल अर्पण दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वच्छ पेयजल के महत्व, जल संरक्षण और नल-जल योजना के सतत संचालन को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अधिकारियों ने जल जीवन मिशन, जल की शुद्धता, स्वास्थ्य पर प्रभाव और समय पर जल कर भुगतान की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। एफटीके किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को जलजनित बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। बच्चों ने रंगोली, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से 'जल ही जीवन है' का संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। ग्राम में प्रभात फेरी और जल बंधन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिससे समुदाय में एकता और जागरूकता का वातावरण बना।

## फरवरी में ही महसूस होने लगी गर्मी, पारा 31 डिग्री पर पहुंचा

**जांजगीर।** फरवरी के दूसरे सप्ताह में ही तेज धूप और बढ़ते तापमान ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दो से तीन दिनों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है। दो दिन के भीतर रात का पारा तीन डिग्री बढ़कर 16 डिग्री तक पहुंच गया है, जो इस सीजन का सर्वाधिक न्यूनतम तापमान है।



शनिवार सुबह ठंडक बहुत कम महसूस हुई। धूप चढ़ते ही ठंडक पूरी तरह गायब हो गई। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया, धूप और चिलचिलाती होती गई। दोपहर 12 बजे तक ही लोग गर्मी से परेशान होने लगे थे। अधिकतम तापमान दोपहर में बढ़कर 31 डिग्री तक पहुंच गया। दोपहर बाद तापमान में कुछ गिरावट जरूर आई, लेकिन शाम होते-होते भी ठंडक महसूस नहीं हुई। दो दिन पहले न्यूनतम तापमान 13 डिग्री था, जो अब बढ़कर 16 डिग्री हो गया है। दोपहर में दक्षिणी हवा चलने से गर्मी के साथ उमस का असर भी महसूस हुआ। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण दिशा से आ रही नमीयुक्त हवाएं तापमान में वृद्धि का कारण बन रही हैं।

15 फरवरी के बाद बदलेगा मौसम- मौसम विभाग ने 15 फरवरी के बाद तापमान में लगातार बढ़ोतरी की संभावना जताई है। इससे फरवरी समाप्त होने के पहले ही गर्मी का असर तेजी से महसूस होने लगेगा। फरवरी के अंतिम दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। तापमान में हल्की गिरावट भी संभव है। लेकिन यह स्थिति केवल मार्च के पहले सप्ताह तक ही रहेगी। मार्च के दूसरे सप्ताह में तापमान में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है, विशेषकर अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी अधिक दर्ज होगी। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष जिले में गर्मी का असर सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

## गंदगी के बीच बनाया हाइजेनिक फिश मार्केट, रास्ता भी नहीं, खंडहर हो रहा

**जांजगीर।** शहर में करोड़ों रुपए खर्च कर विकास कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन कई योजनाएं पूरी होने के बाद भी बेकार पड़ी हैं। शांतिनगर वार्ड के पास वर्ष 2019 में 1.10 करोड़ रुपए में बना हाइजेनिक फिश मार्केट इसका उदाहरण है। यह मार्केट शहर के कचरा डंपिंग एरिया में बना होने के कारण शुरू से ही उपयोग में नहीं आ सका और अब खंडहर में बदल गया है। मछली व्यापारियों के लिए स्वच्छ और व्यवस्थित बाजार बनाने की घोषणा हुई थी, लेकिन कचरे और दुर्गंध के बीच यहां पहुंचना मुश्किल है। निर्माण एजेंसी और विभाग की लापरवाही से करोड़ों की लागत से बना यह भवन अनुपयोगी हो गया है।

## मेले में हथियार लेकर पहुंचे दो लोग गिरफ्तार

**जांजगीर।** हाई स्कूल मैदान स्थित मेला परिसर में धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मेला ग्राउंड में पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि कुछ युवक धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा रहे हैं। टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी अरुण उर्फ सागर बंजारे (24 वर्ष) तथा रितेश राठौर को पकड़ लिया। तलाशी में उनके पास से दो धारदार हथियार बरामद हुए।पुलिस ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लगातार गश्त जारी है, ताकि ऐसी घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।



## पुलवामा के वीर शहीदों को कांग्रेस जनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**सक्ति।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए देश के वीर जवानों की शहादत को नमन करते हुए आज एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिसाहू दास महंत उद्यान में आयोजित किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक एकत्रित हुए।

शहीदों के सम्मान में दीपक जलाया गया,

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जनों ने शहीदों के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पूरा माहौल भारत माता की जय और शहीद जवान अमर रहें के नारों से गूंज उठा। नगर कांग्रेस कमेटी शक्ति के सदस्यों द्वारा पुलवामा हमले में प्राण न्योछावर करने वाले जवानों के बलिदान को याद करना और नई पीढ़ी को देशभक्ति की प्रेरणा देना। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने संबोधन में कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों का कर्ज कभी नहीं चुकाया जा सकता। उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जाएगा और कांग्रेस परिवार सदैव शहीदों के परिजनों के साथ खड़ा है। इस अवसर पर राकेश राठौर अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी, नरेश गेवाडीन, साधेश्वर गवेल,घनश्याम देवांगन, संतोष लाला सोनी पार्षद,रामसंजीवन देवांगन पार्षद, गजाधर यादव पार्षद, श्रीमति विजया जायसवाल, देवेंद्र राठौर,प्यारेलाल पटेल, रामनाथ जायसवाल, शम्सतमरेज खान, हरीश अग्रवाल, अमीर अग्रवाल , साजिद खान,जीवेन्द्र राठौर, केशव राठौर, रविन्द्र राठौर, तेजप्रकाश जायसवाल, रिजवान खान,सुभाष देवांगन, जगन्नाथ निर्मलकर,शुभम यादव,अंग्रेज यादव,कल्लू बरेठ,मुन्ना खान, लतेल चौहान,शिवशंकर यादव काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे



## खरीदी केंद्र पहुंचे 3 हाथी 11 बोरी धान किया बर्बाद

**रायगढ़।** बंगुरसिया धान खरीदी केंद्र में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार और रविवार की दरमियानी रात फिर तीन हाथियों का दल सुबह लगभग 4 बजे खरीदी केंद्र पहुंच गया और यहां रखी धान की बोरियों को एक-एक कर ले जाकर खाने लगा। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास करती रही, लेकिन तब तक हाथी 11 बोरियां धान खा चुके थे।

हाथियों के जंगल की ओर लौटते ही समिति प्रबंधक और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। इस साल खरीदी केंद्र में हाथियों द्वारा लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिले में धान खरीदी तो समाप्त हो चुकी है, लेकिन खरीदी गई धान का उठाव पूरी तरह नहीं हो पाया है। खाद्य विभाग के अनुसार अब तक 340 बोरी से अधिक धान को हाथी चट कर चुके हैं।

वन विभाग लगातार नुकसान का आकलन कर रहा है और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में उठाव तेजी से करने की बात भी कह रहा है। जानकारों का कहना है कि पिछले खरीदी सीजन में हाथी 60 से 80 बोरी तक ही नुकसान पहुंचाते थे, लेकिन इस वर्ष यह आंकड़ा 6-7 गुना बढ़ गया है। हाथियों को रोकने के प्रयास लगातार विफल हो रहे हैं। वन विभाग के अनुसार बंगुरसिया क्षेत्र में 31 हाथियों का बड़ा दल घूम रहा है। शनिवार की रात हाथियों ने एक किसान की सब्जी फसल को भी नुकसान पहुंचाया। ट्टबंगुरसिया धान खरीदी केंद्र में 16 सौ क्विंटल धान का उठाव बाकी है। हाथियों के नुकसान से बचाने के लिए लगातार उठाव किया जा रहा है। समिति में लेबर की कमी है, इसी कारण उठाव में देरी हो रही है। इसका अपडेट लेकर जल्द उठाव पूरा किया जाएगा।



## कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने धान खरीदी केंद्र और विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

**उदयपुर।** अंबिकापुर विधानसभा के विकासखंड उदयपुर में विकास कार्यों की एक नई श्रृंखला का शुभारंभ हुआ। उदयपुर स्थित धान उपार्जन केंद्र परिसर में 44 लाख से बनने वाले नवीन धान उपार्जन केंद्र भवन का भूमिपूजन किया गया।

इस दौरान मंत्री अग्रवाल ने कहा कि किसानों की सुविधा और पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था राज्य सरकार की प्राथमिकता है। नया भवन किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और धान खरीदी प्रक्रिया को और सुगम बनाएगा। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि अन्नदाता के सम्मान और उन्नति के लिए यह पहल सरकार की किसान-हितैषी और संवेदनशील सोच को दर्शाती है। इसके बाद ग्राम पंचायत सलका में 30 लाख से बनने वाले शिशु मंदिर भवन का भूमिपूजन किया। इस दौरान पूर्व स्वीकृत 15 लाख की राशि को बढ़ाकर 30 लाख करने की घोषणा की, जिससे क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ किया जा सके। कार्यक्रम के अगले क्रम में नव-निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन भी किया गया। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा और मातृ-स्वास्थ्य के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है और सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

दिन के अंतिम चरण में भदवाही गांव में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में पहुंचकर मंत्री अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खेल व खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए युवाओं से खेल को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस दौरान उदयपुर, रामगढ़ व देवगढ़ मंडल के अध्यक्ष प्रबोध सिंह, अखण्ड विधायक सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, संतोष जायसवाल, बनारसी दास, खेलावन निसाद, कमलेश जायसवाल, आकाश जायसवाल, आदि उपस्थित थे।

## बाइक चोरी, पुलिस बोली पहले खुद ढूंढो फिर आना

**दरिमा।** दरिमा थाना क्षेत्र के कर्जी चौक में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कर्जी चौक निवासी महेंद्र प्रताप सिंह ने गुरुवार शाम बाइक क्रमांक सीजी 15 ईसी 9719 घर के सामने खड़ी की थी और ट्यूशन पढ़ाने चले गए थे। जब वे वापस लौटे, तो बाइक वहां नहीं थी। पीड़ित ने पहले अपने स्तर पर आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता न मिलने पर वे दरिमा थाना पहुंचे। पीड़ित महेंद्र प्रताप सिंह का आरोप है कि जब उन्होंने थाने में चोरी की सूचना दी, तो वहां मौजूद अधिकारियों ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन देने के बजाय पहले खुद ही ढूंढने की सलाह दे दी।

पुलिस ने कहा कि अगर खुद ढूंढने पर गाड़ी न मिले, तब दोबारा थाने आएं। पुलिस के इस रवैये को लेकर क्षेत्र के नागरिकों में रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दरिमा क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। हैरानी की बात यह है कि थाना के ठीक सामने स्थित एक मोबाइल सेंटर में भी दो बार चोरी हो चुकी है, जिसकी रिपोर्ट के बावजूद अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। वहीं, सप्ताह भर पहले प्राथमिक पाठशाला दरिमा में भी ताला तोड़कर चोरी की गई थी, जिसमें पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। दरिमा थाना प्रभारी राजेश खलखो ने कहा कि युवक चोरी की शिकायत लेकर आया था। उसे पहले ठीक से पता करने के लिए कहा गया है ताकि किसी गलतफहमी की गुंजाइश न रहे।

**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी**
**न्यू ईरा प्रोगसिव स्कूल के पास**
**रामपुर, कोरबा (छ.ग.)**

Email id-korbarto@gmail.com
phone no 07759-226640

क्रमांक/1467/जि.प.अ./26 कोरबा, दिनांक 05.02.2026

वाहन क्रमांक CG12BN3360(HGV) के पंजीकृत वाहन स्वामी BASANT KURREY S/O JAGDISH KURREY IN FRONT OF TYPE 2/80 MANIKPUR COLONY MANIKPUR KORBA CG है। उक्त वाहन को वित पोषक BANDHAN BANK LTD. KORBA द्वारा दिनांक 12.01.2026 को कार्यालय के समक्ष मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 51 के अंतर्गत वाहन को अपने कब्जे में लेकर अपने नाम BANDHAN BANK LTD. KORBA के नाम पर अंतरण दर्ज करने बाबत् केंद्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 61 (2) के तहत निर्धारित प्ररूप 36 में इस प्राधिकार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वित्त पोषक BANDHAN BANK LTD. KORBA से प्ररूप 36 में सूचना प्राप्त होने के पश्चात् वित्त पोषक एवं पंजीकृत वाहन स्वामी BASANT KURREY S/O JAGDISH KURREY IN FRONT OF TYPE 2/80 MANIKPUR COLONY MANIKPUR KORBA CG को कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1312/जि.पं.अ./दिनांक 12.01.2026 एवं कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1412/जि.पं.अ./दिनांक 27.01.2026 को फार्म 37 में नोटिस जारी कर पत्र प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अपना अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु आवसर दिया गया था। वाहन स्वामी को डाक के माध्यम से सूचना जारी करने के पश्चात् भी आज दिनांक तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। वाहन स्वामी अथवा अन्य किसी हितबद्ध पक्षकार को दावा-आपत्ति करनी हो तो दिनांक 20.02.2026 तक कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी कोरबा में कर सकते हैं। दावा-आपत्ति नहीं आने की स्थिति में एकपक्षीय अंतरण की कार्यवाही की जायेगी।

(सील) **जिला परिवहन अधिकारी**
**कोरबा (छ.ग.)**

## अनमोल वचन......

**जो अब साबित हो चुका है वह कभी कल्पना थी।**

# ममता बनर्जी के वकील की भूमिका

एसआईआर गंभीर विसंगतियों से ग्रस्त रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से खामियां दूर करने में कई बार मदद मिली, लेकिन बुनियादी मुद्दे हल नहीं हुए। ममता बनर्जी के वकील की भूमिका अपनाने से भी ऐसा होने की संभावना कम ही है।

ममता बनर्जी इस मामले में अनूठी राजनेता हैं कि सत्ता के ऊंचे पदों पर रहने के बावजूद उन्होंने अपनी जूझारू भूमिका कभी नहीं छोड़ी। 15 साल से मुख्यमंत्री हैं, लेकिन इस दौरान उनकी गतिविधियों ने कोलकाता की सड़कों को कभी सियासी तौर पर सूना नहीं होने दिया। इस बीच बुधवार को उन्होंने नया चोला पहना। युवावस्था में ली गई कानून की डिग्री का उपयोग करते हुए वे सुप्रीम कोर्ट में बतौर वकील पेश हुईं। इस तरह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ अपनी लड़ाई को उन्होंने नया मुकाम दिया।

इसके पहले पश्चिम बंगाल के उन जीवित मतदाताओं को लेकर वे निर्वाचन आयोग के दफ्तर गई थीं, जिनके नाम कथित तौर पर गलत ढंग से मतदाता सूची से हटाए गए हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का आरोप है कि निर्वाचन आयोग में उनसे बदसलूकी की गई, इसलिए आनन- फानन में उन्हें वहां से निकलना पड़ा। तो सुप्रीम कोर्ट में अपने खास अंदाज में उन्होंने इस केस की पैरवी की। समाधान क्या निकलेगा, कहना कठिन है। एसआईआर की प्रक्रिया गंभीर विसंगतियों से ग्रस्त रही है। इस कारण भारत की चुनाव व्यवस्था को लेकर अविश्वास बढ़ा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से प्रक्रियागत खामियां दूर करने में कई बार मदद मिली, लेकिन इससे बुनियादी मुद्दे हल नहीं हुए।

ममता बनर्जी के वकील की भूमिका अपनाने से इस सूरत में आमूल बदलाव होगा, इसकी संभावना कम ही है। लेकिन अंत तक और हर मोर्चे पर संघर्ष करने के ममता के इरादे ने यह जरूर दिखाया है कि लोकतंत्र के सिकुड़ने का रोना रोने वाले विपक्षी राजनेता ऐसी परिस्थितियों में अपना दायित्व कैसे निभा सकते हैं। लोकतंत्र में किसी समस्या को मुद्दा बना देने और उसे लगातार मुद्दा बनाए रखने का अपना महत्त्व होता है। ऐसा हर उपलब्ध मंच और माध्यम का इस्तेमाल करते हुए ही किया जा सकता है। ममता बनर्जी ने एक समय अपराजेय दिखने वाला लेफ्ट फ्रंट का किला इसी अंदाज से ध्वस्त किया था। अब उसी ढंग से वे अपना किले को बचाने की जद्दोजहद में हैं। यह अंदाज अहम है। इसका महत्त्व चुनावी सफलता या विफलता से तय नहीं होगा।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ख़ास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आज किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करते समय अपने बजट का ध्यान रखें। इस राशि के जो लोग जॉब करते हैं उनकी तरक्की के योग बन रहे हैं, साथ ही आपका स्थान परिवर्तन भी हो सकता हैं।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ज्यादा समय एकांत में बिताना पसंद करेंगे। आपकी बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेगा। नए कार्यों को लेकर आपकी उत्सुकता बढ़ेगी। आपको आज धैर्य से काम लेने की जरूरत है और इसका लाभ आप आने वाले समय में देखेंगे। आज आपको किसी मनचाही वस्तु मिलेगी जिससे आपका दिन प्रसन्नता पूर्वक बीतेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें आज सफलता मिलेगी। साथ ही आपको खूब मान-सम्मान भी मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे। आज आपके घर का माहौल ठीक बना रहेगा। घर में किसी रिश्तेदार के आने की संभावना है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है 7 बच्चों की जरूरत को पूरा करने के लिये आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आपका दोस्त आपको काम करने के लिये कह सकता है, आप उनके काम में सहयोग करेंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। बच्चों को भी साथ में ले जा सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में किसी नये कार्य की शुरुआत हो सकती है। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी काम के लिये प्रोत्साहन मिल सकता है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनायेंगे। आज आपके घर मेहमान आयेंगे, जिससे आपको दिन भर के शेड्यूल में चेंजेस करने पड़ सकते हैं। माताएं अपने बच्चों को कुछ अच्छा बनाकर खिलाएंगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने अनुभव का सही इस्तेमाल करके किसी रुके काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज घर के जरूरी कार्यों को पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग करेंगे। आज आप ऑनलाइन नया बिजनेस शुरू करने का प्लान बनायेंगे। आज आपको धैर्य से काम लेने की जरूरत है।

**कुम्भ राशिः** आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में बड़ी सफलता मिलाने के योग बने हुए है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिल सकता है। अगर आप नई नौकरी की तलाश में हैं, तो बड़े भाई-बहनों की मदद से आपको नौकरी मिल सकती है। आपका काम दूसरों को खुश कर सकता है। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसीकाम में दूसरों की बातों को सर्वोपरि न रखकर अपने आप पर विश्वास करें तो लाभ अवश्य मिलेगा। किसी इम्पोर्टेन्ट काम में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। इस राशि की जो महिलाएं ऑनलाइन बिजनेस स्टार्ट करना चाहती है उनके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला हैं। आपका काफी दिनों से सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को आज सफलता मिलेगी।

# महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा

//अजीत द्विवेदी//

**अजित पवार के निधन से महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा। ऐसा होना न तो अनायास होगा और न आश्चर्यजनक होगा। आमतौर पर इतने बड़े नेता का जब भी असमय निधन होता है या उसके साथ कोई हादसा होता है तो राजनीति बदलती है। कई राज्यों में इसके प्रमाण मिल जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश में हेलीकॉप्टर हादसे में तत्कालीन मुख्यमंत्री दोरजी खांडू के निधन के बाद अरुणाचल की राजनीति हमेशा के लिए बदल गई। कलिखो पुल थोड़े दिन मुख्यमंत्री रहे और बाद में उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाने के बाद खुदकुशी कर ली थी। दोरजी खांडू के बेटे पेमा खांडू ने पहले अलग पार्टी बनाई और फिर पार्टी का भाजपा में विलय करके भाजपा के मुख्यमंत्री बन गए। अरुणाचल प्रदेश, जहां कांग्रेस का इतना मजबूत आधार था वहां वह पूरी तरह से खत्म हो गई।**

इसी तरह आंध्र प्रदेश में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएसआर रेड्डी का निधन हुआ तो पूरी राजनीति बदल गई। वे संयुक्त आंध्र प्रदेश के आखिरी क्षत्रप साबित हुए। उनके निधन के बाद कांग्रेस ने उनके बेटे जगन मोहन रेड्डी को सीएम नहीं बनाने की जिद में किरण रेड्डी और के रोसैया का प्रयोग किया और अंत में राज्य का विभाजन हुआ। विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में कांग्रेस का अस्तित्व पूरी तरह से समाप्त हो गया। 2014 से लेकर अभी तक तीन लोकसभा और तीन विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का खाता नहीं खुल पाया है। अलग हुए राज्य तेलंगाना में 10 साल के बाद जरूर कांग्रेस लौटी लेकिन आंध्र प्रदेश में कोई संभावना नहीं दिख रही है। मध्य प्रदेश में माधवराव सिंधिया के विमान दुर्घटना में निधन के बाद पिछले करीब 25 साल में कांग्रेस सिर्फ एक बार बहुमत के करीब पहुंच पाई है और उस समय भी सिर्फ सवा साल की ही सरकार बनी। राजीव गांधी के निधन के बाद की राष्ट्रीय राजनीति का सबको पता है। कांग्रेस की राजनीति में कैसी उथलपुथल रही वह भी सबको पता है। भारतीय राजनीति के इतिहास की इस पृष्ठभूमि में जब अजित पवार के विधन को देखते हैं तो साफ दिखाई देता है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बहुत सी चीजें बदल सकती हैं। मौजूदा सरकार और राजनीति दोनों का शक्ति संतुलन प्रभावित होगा। अजित पवार एक संतुलनकारी ताकत के तौर पर महाराष्ट्र की राजनीति में मौजूद थे।

इसमें संदेह नहीं है कि उनकी पार्टी रहेगी लेकिन उनके जैसी राजनीति करने वाला कोई नहीं होगा। 2024 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने 235 सीटों का प्रचंड बहुमत हासिल किया तब भी सरकार का गठन कई दिनों तक अटका रहा था। एकनाथ शिंदे नाराजगी दिखा रहे थे। उस समय भी ब्रेक थ्रू अजित पवार ने दिया था। देवेंद्र फड़नवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब एक पत्रकार ने शिंदे से पूछा, 'क्या आप उप मुख्यमंत्री बनेंगे'? वे कुछ बोलते उससे पहले अजित पवार ने कहा, 'एकनाथ शिंदे का पता नहीं हैं लेकिन मैं शपथ ले रहा हूं'। इसके बाद अपने आप सारा खेल बदल गया था।अजित पवार एक तरफ से देवेंद्र फड़नवीस की राजनीति के लिए कवच का काम कर रहे थे। फड़नवीस के साथ उन्होंने एक बार 80 घंटे की सरकार भी बनाई थी। उससे भी पता चलता है कि दोनों के बीच केमिस्ट्री कैसी थी। अब फड़नवीस की राजनीति का वह कवच हट गया है। उन्हें अब अकेले पार्टी के अंदर के संघर्ष का मुकाबला करना होगा और पार्टी के बाहर गठबंधन की राजनीति यानी एकनाथ शिंदे के दांवपेंच का भी मुकाबला अकेले करना होगा। फड़नवीस चाहेंगे कि अजित पवार की पार्टी की कमान ऐसे व्यक्ति के हाथ में हो, जिसके साथ वे सहजता से सारी बातें कर सकें। अजित पवार के परिवार से कौन फड़नवीस के साथ उप मुख्यमंत्री बनता है और बारामती की सीट से कौन उपचुनाव लड़ता है इससे बहुत कुछ तय होगा। जहां तक अजित पवार की पार्टी का सवाल है तो उनके सामने कई विकल्प हैं। एक विकल्प तो यथास्थिति का है। लेकिन नेता के नहीं होने पर यथास्थिति संभव नहीं होती है। इसके बावजूद पार्टी के पास स्वतंत्र राजनीति का रास्ता है। अगर अजित पवार की पार्टी अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखती है तो उसके लिए अच्छा होगा लेकिन उसके लिए जरूरी है कि कोई मजबूत नेता पार्टी की कमान संभाले। ऐसा नेता, जो भाजपा के साथ गठबंधन में रहते हुए भी उसे आंख दिखा सके और जरुरत पड़ने पर भाजपा को रोकने के लिए उसकी विरोधी पार्टी से भी तालमेल कर सके। ध्यान रहे अजित पवार ने शहरी निकाय चुनाव में शरद पवार की पार्टी से तालमेल किया था। इस तरह की स्वतंत्र राजनीति सबसे अच्छा विकल्प है। दूसरा विकल्प शरद पवार का नेतृत्व स्वीकार करने और दोनों एनसीपी के विलय का है। कहा जा रहा है कि अजित पवार कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे थे। अगर उन्होंने कोई रूपरेखा बनाई हो तब इस रास्ते पर जाना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

लेकिन तब भी यह सवाल रहेगा कि नेता कौन होगा? जाहिर तौर पर 85 साल के शरद पवार तो नेता नहीं हो सकते हैं। फिर कौन। सुप्रिया सुले, सुनेत्रा पवार, पार्थ व जय पवार में से कोई या रोहित व युगेंद्र पवार में से कोई या परिवार से बाहर के सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल और धनंजय मुंडे? एक तीसरा विकल्प अपनी स्वतंत्रता से समझौता करके भाजपा की शरण में जाने का है। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार अपने दोनों युवा बेटों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह रास्ता चुन सकती हैं। एक बार चुनाव लड़ चुके पार्थ पवार राज्य सरकार में शामिल हों और सुनेत्रा खुद केंद्र की सरकार में मंत्री बनें। यह स्थिति देवेंद्र फड़नवीस के भी अनुकूल हो सकती है। जो हो इतना तय है कि अजित पवार के अचानक महाराष्ट्र के राजनीतिक क्षितिज से चले जाने से प्रदेश की राजनीति का लैंडस्केप भी पूरी तरह से बदलेगा। भारतीय जनता पार्टी इसमें अपने विस्तार की संभावना देख रही होगी। ध्यान रहे जब शिव सेना एकजुट थी और एनसीपी भी एकजुट थी तब भाजपा अपना विस्तार उन इलाकों में करना चाहती थी, जहां उसका मजबूत आधार नहीं था। लेकिन दो मजबूत प्रादेशिक पार्टियों की वजह से वह ऐसा नहीं कर पा रही थी। तभी उसने शिव सेना में विभाजन को डिजाइन किया और एनसीपी का विभाजन भी प्लान किया। दोनों पार्टियों के बंटने और कमजोर होने के बाद के पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अकेले 132 सीटें जीतीं।

उसके बाद पहले स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने प्रदेश भर में ग्रामीण व शहरी इलाकों में 50 फीसदी सीटें हासिल की। शिव सेना के असर वाले इलाकों यानी महाराष्ट्र मेट्रोपोलिटन रीजन, एमएमआर में मुंबई उसने एक तरह से कब्जा कर लिया और ठाणे को छोड़ कर कल्याण डोंबिवली व उल्लासनगर में वह शिंदे सेना की बराबरी में रही। एमएमआर और कोंकण दोनों इलाके में उद्धव की पार्टी हाशिए पर चली गई। ऐसे ही पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ और परभणी में शरद व अजित पवार के एक साथ लड़ने पर भी भाजपा ने उनको हरा दिया। विदर्भ में पहले से भाजपा का मजबूत आधार है। अब अजित पवार के नहीं रहने के बाद भाजपा पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में अपना आधार बढ़ा सकती है। वह दोनों शिव सेना और दोनों एनसीपी को समाप्त करके या बहुत कमजोर करके महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी निर्णायक बढ़त स्थापित कर सकती है।

शरद पवार इस स्थिति को समझ रहे होंगे और वे परिवार के भीतर भाजपा की विस्तारवादी राजनीति से होने वाले संभावित नुकसान पर बात भी करेंगे। उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे को भी भाजपा की इस राजनीति का अंदाजा होगा। परंतु इन चारों प्रादेशिक पार्टियों के क्षत्रपों को यह भी अंदाजा होगा कि वे अकेले दम पर भाजपा की इस राजनीति का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। महाराष्ट्र की राजनीति में एक खालीपन कांग्रेस के कमजोर होने से भी है। कांग्रेस के पास अगर विलासराव देशमुख जैसा कोई करिश्माई और मजबूत नेता होता तो वह भाजपा विरोधी पार्टियों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर सकता था। बहरहाल, अगले कुछ दिन महाराष्ट्र की राजनीति में उथलपुथल के रहेंगे और जब अजित पवार के असमय व दुखद निधन से उठा तूफान थमेगा तब दीर्घकालिक राजनीति की तस्वीर बननी शुरू होगी।

# समस्याओं के निराकरण के बजाए अखाड़ा बनी संसद

//योगेंद्र योगी //

**लोकसभा में पीएम मोदी का अभिभाषण होना था, उनको धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देना था। इसके लिए पीएम मोदी लोकसभा में पहुंच भी चुके थे। लेकिन उनका अभिभाषण शुरू होने से पहले ही सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। देश में मौजूद गंभीर मुद्दों पर चर्चा और उनके समाधान के प्रयासों के बजाए निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिए संसद में दलगत राजनीति भारी पड़ रही है। संसद सत्तारुढ़ और विपक्ष के लिए अखाड़ा बनी हुई है। देश के कर्णधारों को देश की बिगड़ती दिशा—दशा की कोई परवाह नहीं है। दिल्ली अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और अन्य शोधों के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल श्वसन प्रणाली, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। जहरीली हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने से तनाव, चिंता, अवसाद (डिप्रेशन), संज्ञानात्मक हानि और बच्चों में एडीएचडी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिसे विशेषज्ञ एक मानसिक स्वास्थ्य आपातकाल मान रहे हैं।**

एरोसोल सूक्ष्म कणों पीएम 2.5 और जहरीली गैसों से दिमागी सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव होता है, जो अवसाद और चिड़चिड़ापन पैदा करता है। प्रदूषण के कारण वयस्कों में भावनात्मक थकान, निर्णय लेने की क्षमता में कमी और बच्चों में सीखने में कठिनाई देखी जा रही है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहने से अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसे तंत्रिका अपक्षयी विकारों का खतरा बढ़ जाता है। अध्ययन बताते हैं कि पीएम 2.5 के एरोसोल घटक, डिप्रेशन और चिंता से सीधे जुड़े हैं। एम्स की एक अन्य रिसर्च में स्पीच एनालिसिस तकनीक के जरिए डिप्रेशन की पहचान की जा रही है, जो बताता है कि मानसिक स्वास्थ्य पर प्रदूषण का असर कितना गहरा है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्मॉग के दौरान बाहर निकलने से बचें, मास्क का उपयोग करें, घर में एयर प्यूरीफायर लगाएं और तनाव कम करने के लिए योग व स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

इसी तरह इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी की 77वीं वार्षिक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने बताया कि आज भारत में करीब 60 प्रतिशत मानसिक रोग 35 साल से कम उम्र के लोगों में पाए जा रहे हैं। यह आंकड़ा इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यही उम्र पढ़ाई पूरी करने, करियर बनाने और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने की होती है। अगर इसी समय मानसिक समस्याएं शुरू हो जाएं और उनका इलाज न हो, तो इसका असर पूरी जिंदगी पर पड़ सकता है। कांफ्रेंस में यह भी बताया गया कि कोविड-19 महामारी, आर्थिक अस्थिरता और बदलती सामाजिक संरचना ने युवाओं के तनाव को और बढ़ा दिया है। महामारी के बाद पढ़ाई, नौकरी और भविष्य को लेकर अनिश्चितता ने चिंता और डिप्रेशन के मामलों में इजाफा किया है। जिम्मेदार राष्ट्र सूचकांक :2026 में सिंगापुर पहले स्थान पर काबिज है, वहीं भारत 16वें नंबर पर है। रिपोर्ट में यह आंका गया है कि कोई देश अपने लोगों और पूरी दुनिया के लिए कितना जिम्मेदार है। इस सूची में सिंगापुर को दुनिया का सबसे जिम्मेदार देश घोषित किया गया है। सिंगापुर ने शासन, समाज और पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर काम करके पहला स्थान हासिल किया है। इसी तरह साल 2026 के ग्लोबल सॉफ्ट पावर इंडेक्स में भारत 48.0 के स्कोर के साथ इस फेहरिस्त में 32वें स्थान पर है। यह पिछले साल के मुकाबले दो स्थान नीचे और 1.8 अंक कम है। सॉफ्ट पावर किसी देश की उस क्षमता को कहते हैं, जिसमें वह सैन्य बल के बजाय अपनी संस्कृति और मूल्यों से दूसरे देशों को प्रभावित करता है।  विश्व रैंकिंग में भारत का स्थान और घरेलू आतंरिक चुनौतियों पर चर्चा और इनके समाधान के बजाए सबसे बड़ा लोकतांत्रिक मंच संसद तमाशा बनी हुई है। सांसद देश की वास्तविक समस्याओं पर चर्चा करने के बजाए गरिमा को तार–तार करने में लगे हुए हैं। संसद के मौजूदा सत्र में लोकसभा में भारी हंगामे के दौरान कुछ सांसदों ने स्पीकर के आसन की ओर कागज फेंके, जिसके बाद उन्हें सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। यह कार्रवाई संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर हुई, जिसे सदन ने मंजूर कर लिया। दरअसल, राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने पर विपक्षी दल भड़क गए थे और हंगामा शुरू कर दिया था। इस मामले में कुल आठ सांसदों पर कार्रवाई हुई और उन्हें निलंबित कर दिया गया। लोकसभा में पीएम मोदी का अभिभाषण होना था, उनको धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देना था। इसके लिए पीएम मोदी लोकसभा में पहुंच भी चुके थे। लेकिन उनका अभिभाषण शुरू होने से पहले ही सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। भारत- यूएस ट्रेड डील पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सरकार का पक्ष रखना शुरू किया था, तो विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया था। पीयूष गोयल ने इस दौरान कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील पर कहा कि इसमें किसानों के हितों को सुरक्षित रक्षा गया है। इससे पहले राहुल गांधी आज फिर संसद में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की वो किताब लेकर पहुंचे। लोकसभा में लगातार हंगामा होता रहा। यही वजह है देश के युवा और उद्यमियों का लगातार भारत से मोह भंग हो रहा है। पिछले साल 2024 में भारत के दो लाख से भी ज्यादा अमीर लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ दी। भारत छोड़कर विदेशों में बसने का चलन साल दर साल लगातार बढ़ रहा है।

## भारत के साथ व्यापार समझौता करने को व्याकुल सारे मुल्क

पूरी दुनिया की भू राजनीति में उथलपुथल है। पिछले आठ दशक से ज्यादा समय से अमेरिका के सबसे भरोसे के सहयोगी रहे यूरोपीय देशों का भरोसा टूटा है तो चीन और रूस जैसे अमेरिका के घोषित प्रतिद्वंद्वियों या दुश्मनों को भी नए सिरे से अपनी नीतियां बनाने की जरुरत महसूस हो रही है। ट्रंप भले दावा करें कि उन्होंने आठ युद्ध रुकवाए हैं, हकीकत यह है कि उन्होंने सात युद्ध शुरू किए हैं। सीरिया से लेकर लीबिया, नाइजीरिया, वेनेजुएला, ईरान तक अमेरिका ने बमबारी की है। उन्होंने कनाडा, वेनेजुएला और ग्रीनलैंड को अमेरिका के नक्शे का हिस्सा बता दिया है। दुनिया में इस समय युद्ध का खतरा मंडरा रहा है तो साथ साथ आर्थिक अनिश्चिततता भी गहरी होती जा रही है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने दुनिया भर के देशों के खिलाफ टैरिफ वार छेड़ा है। भारत के ऊपर भी 25 फीसदी जैसे को तैसा टैक्स और रूस से तेल खरीदने के वजह से 25 फीसदी का जुर्माना टैक्स लगाया है। इसके बावजूद दुनिया की भू राजनीतिक और वैश्विक व्यापार की हालत ने भारत के लिए बड़ा मौका बनाया है। ट्रंप की नीतियों से परेशान दुनिया के ज्यादातर देश भारत की ओर से देख रहे हैं। इसलिए नहीं कि भारत उनको कोई राहत दिला देगा। सबको पता है कि भारत ग्लोबल वर्ल्ड ऑर्डर में कहीं नहीं है। लेकिन 140 करोड़ से ज्यादा लोगों का बाजार होने की वजह से भारत की स्थिति सबसे लिए महत्वपूर्ण हो गई है।

दुनिया भर के देशों को भारत में अपना सामान बेचना है। इसलिए दुनिया के सारे मुल्क भारत के साथ व्यापार समझौता करने को व्याकुल हैं। ब्रिटेन के साथ भारत की व्यापार संधि हो गई है। पिछले दिनों संयुक्त अरब अमीरात के राष्टपति अल नाह्यान भारत के दौरे पर आए तो दोनों देशों ने साझा व्यापार 25 लाख करोड़ रुपए तक ले जाने का समझौता है। वैसे अब भी यूएई के साथ भारत का कारोबार साढ़े 12 लाख करोड़ रुपए का है। यूरोपीय संघ के साथ भारत की मुक्त व्यापार संधि की सारी शर्तें तय हो गई हैं। अब इस संधि पर दस्तखत होने हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के लाचित घाट (गुवाहाटी) में कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया और उन्हें हरी झंडी दिखाई।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय पोर्ट्स, शिपिंग और वॉटरवेज़ मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुवाहाटी, असम में लचित घाट पर अलग-अलग डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन और फ्लैग-ऑफ सेरेमनी के दौरान सम्मानित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का असम के डिब्रुगढ़ जिले के मोरन में रोड शो के दौरान लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने भारत के पहले छह लेन वाले एक्सट्राडोज्ड पुल का उद्घाटन करने के बाद कुमार भास्कर वर्मा सेतु पर सैर की।




केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई में बीजेपी ऑफिस में केंद्रीय बजट पर मीडिया को संबोधित किया।



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन में दीप प्रज्वलित किया।

# UNSC रिफॉर्म के लिए..., म्यूनिख कॉन्फ्रेंस में जयशंकर ने भारत का संकल्प दोहराया



**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को G 7 देशों के अपने काउंटरपार्ट्स से मुलाकात की और म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में UN सिक्योरिटी काउंसिल में रिफॉर्म के लिए भारत का सपोर्ट दोहराया। यह मीटिंग जनवरी में भारत के 27 देशों के यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने के बाद हो रही है। जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्हें G7 के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत करके खुशी हुई और उन्होंने UN@ 80 एजेंडा, खासकर UN सिक्योरिटी काउंसिल में अच्छे रिफॉर्म के लिए भारत का सपोर्ट दोहराया। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने समुद्री कम्युनिकेशन लाइनों की सुरक्षा, फर्स्ट रिस्पॉन्डर के तौर पर काम करने, पोर्ट सिक्योरिटी को मजबूत करने और सबमरीन केबल इंफ्रास्ट्रक्चर में योगदान देने में भारत की भूमिका पर जोर दिया। हमारी बातचीत से भारत और G7 के बीच कई समानताएं और साझा हित सामने आए।जयशंकर ने अपनी म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस की शुरुआत एक राउंडटेबल दिल्ली डिसाइडेड मैपिंग इंडियाज पॉलिसी कैलकुलस से की, जिसे एक नॉन-पार्टीजन ऑर्गनाइज़शन, अनंता एस्पेन सेंटर ने ऑर्गनाइज किया था। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने मल्टीपोलैरिटी की मांगों को पूरा करने के लिए एक तेज और डायनामिक फॉरेन पॉलिसी के महत्व पर जोर दिया। अनंता सेंटर की CEO इंद्राणी बागची के साथ चर्चा में, जयशंकर ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में इंडिया-EU FTA और इंडिया-S ट्रेड डील के महत्व पर भी ध्यान दिया। अनंता सेंटर ने कहा, चर्चा में इंडिया की ग्रोथ स्ट्रैटेजी, मुख्य पार्टनर्स के सामने मौजूद ऑप्शन और ग्लोबल डायनामिक्स के बदलने के साथ स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी एक स्थिर एंकर क्यों बनी हुई है, इस पर बात हुई।

## रायपुर में तकनीकी खराबी के कारण इंडिगो के विमान की रफ लैंडिंग, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

**रायपुर।** रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर शनिवार को बड़ा हादसा टल गया। तकनीकी खराबी के कारण भोपाल से रायपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट लैंडिंग के बाद अचानक रनवे पर उछल गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।इंडिगो की फ्लाइट शनिवार को दोपहर एक बजकर 15 मिनट पर भोपाल से रवाना हुई थी। विमान ने रायपुर पहुंचने के बाद जैसे ही रनवे को टच किया, अचानक झटका लगा। पायलट ने फिर उड़ान भरी और 20 मिनट तक विमान को हवा में घुमाया और फिर से रफ लैंडिंग कराई।जानकारी के अनुसार, लैंडिंग गियर में खराबी के कारण यह समस्या हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन ने खराबी के कारण विमान की अगली उड़ान रद कर दी। भोपाल जाने वाले यात्रियों को दिल्ली, मुंबई और कोलकाता के माध्यम से भेजा गया। रायपुर में इससे पहले भी सितंबर 2024 और जनवरी 2020 में रफ लैंडिंग की घटनाएं हुई थीं।

## सीजेआइ सूर्यकांत का आह्वानः न्याय प्रणाली अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, केवल सक्षम लोगों के लिए नहीं

**नईदिल्ली, 15 फरवरी [एजेंसी]।**



न्याय को सुलभ, व्यावहारिक और मानवीय बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि न्याय प्रणाली को केवल कानूनी रूप से सक्षम या शक्तिशाली लोगों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह हाशिए पर पड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।न्याय प्रणाली में तकनीकी व मानवीय संवेदना का संगम नई दिल्ली में कॉमनवेल्थ ज्यूडिशियल एजुकेटर्स (सीजेई) की 11वीं द्विवार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि न्यायिक नेतृत्व को केवल प्रशासनिक अधिकार या संस्थागत पदानुक्रम तक सीमित नहीं रखा जा सकता, बल्कि इसे एक बौद्धिक और नैतिक दृष्टिकोण के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रक्रियात्मक जटिलता उन लोगों के लिए बाधा नहीं बननी चाहिए जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता है। अदालतों को यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि न्याय प्रणाली मानवीय और सुलभ हो। तकनीक के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए उन्होंने एक महत्वपूर्ण चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का एकीकरण आवश्यक है, लेकिन एआई को न्यायिक तर्क की सहायता करनी चाहिए, उसका स्थान नहीं लेना चाहिए। मुकदमेबाजी से न्याय-केंद्रित तंत्र की ओर बदलाव सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता, सुलह और विशेष अदालतों का बढ़ता चलन एक बड़े बदलाव का संकेत है।

अब हम मुकदमेबाजी-केंद्रित मॉडल से न्याय-केंद्रित इकोसिस्टम की ओर बढ़ रहे हैं। उनके अनुसार, न्याय केवल सैद्धांतिक नहीं बल्कि व्यावहारिक होना चाहिए जो समयबद्ध, कुशल और वादियों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील हो। उन्होंने कहा, न्यायाधीशों को न केवल संवैधानिक कानून के सिद्धांतों को समझना चाहिए, बल्कि उन दार्शनिक आधारों को भी समझना चाहिए जो उन सिद्धांतों को अर्थ देते हैं।अंत में, उन्होंने कॉमनवेल्थ देशों के मंचों से भारतीय और एशियाई न्यायशास्त्र के योगदान को अधिक पहचान देने का आग्रह किया, ताकि एक जन-केंद्रित वैश्विक न्याय व्यवस्था का निर्माण हो सके। सीजेआई सूर्यकांत ने न्यायिक नेतृत्व को लेकर एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी दृष्टिकोण साझा करते हुए स्पष्ट किया कि न्यायिक नेतृत्व जजों की खामियों से नहीं, बल्कि उनके पूर्ण होने के दिखावे से कमजोर होता है।

## टी-20 वर्ल्ड कप मैच पर लगा करोड़ों का सट्टा पुलिस ने सटोरियों को पकड़ने के लिए बिछाया जाल



**प्रयागराज, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

टी-20 विश्वकप में रविवार को होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर करोड़ों रुपये का सट्टा लग गया है। सट्टेबाजी ऑनलाइन और ऑफलाइन की जा रही है। सटोरियों को बड़ा दांव लगाने के लिए बुकी कई तरह के ऑफर दे रहे हैं। सट्टेबाजों की नजर में भारतीय टीम को फेवरेट बताया गया है और इसी के अनुसार दांव लगाया जा रहा है। सटोरियों को बिना डर के खेलने के लिए किराए पर कमरे लिए गए हैं। कुछ होटलों में भी बुकिंग की गई है। इसका पता चलने पर पुलिस भी सक्रिय हो गई है और सट्टेबाजों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया है। सूत्रों का कहना है कि क्रिकेट वर्ल्ड कप शुरू होते ही पुराने और कुख्यात सटोरिए तेजी से सक्रिय हुए। अलग-अलग स्थान पर उन्होंने सट्टेबाजी शुरू की।

अतरसुइया, कीडगंज, धूमनगंज, दारागंज, शिवकुटी, कैंट सहित कई थाना क्षेत्रों में सटोरियों ने सुरक्षित स्थान खोज लिया है। वहां रविवार सुबह से ही सट्टेबाजी का सिलसिला शुरू हो जाएगा। शनिवार को राजापुर कछार में पुलिस ने छापेमारी भी की, लेकिन कोई पकड़ में नहीं आया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सटोरियों, जुआरियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। बीते साल तत्कालीन एडीसीपी अभिजीत कुमार ने जुआरियों, सटोरियों के ठिकानों पर छापेमारी कराई थी। उस दौरान तीन थानों मुकदमा लिखा गया था। इसमें कुंवरजी निषाद, गप्पी निषाद, राजा, छोटू के खिलाफ मुकदमा हुआ, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई। पंकज भड़रा के खिलाफ गैंग्स्टर है। वह अपने साथी शेरू, विपिन, टंकी सहित कई अन्य के साथ मिलकर सट्टेबाजी करता है। पुलिस इन सभी को दबोचने के लिए जाल बिछा दिया है।

## शहडोल में कोयला माफिया का आतंकः वन रेंजर पर हमला, 24 घंटे बाद एफआईआर



**शहडोल।** पूर्वी मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में, कोयला माफिया ने एक बार फिर दिखा दिया है कि असल में फैसले कौन लेता है। इस बार, उन्होंने सिर्फ गैर-कानूनी कोयले की स्मगलिंग ही नहीं की, बल्कि उन्होंने कथित तौर पर एक फॉरेस्ट रेंजर की यूनिफॉर्म उतार दी, उसे सड़क पर पीटा, सीनियर अधिकारियों को गालियां दीं, और फिर रात में गायब हो गए, और पीछे काला सोना लदा एक ट्रैक्टर और बेइज्जती का निशान छोड़ गए।हैरानी की बात है कि 11 फरवरी की शाम को हुए हमले के तुरंत बाद रेंजर ने लोकल पुलिस को इन्फॉर्म किया था, लेकिन तीन पहचाने गए आरोपियों और उनके साथियों के खिलाफ एफआईआर करीब 24 घंटे बाद सोहागपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई।यह घटना सोहागपुर पुलिस स्टेशन के तहत खेतावली गांव के ऊपरी टोला में हुई। गांव वालों ने कथित तौर पर गैर-कानूनी तरीके से माइन किए गए कोयले को ले जा रहे एक ट्रैक्टर को रोका था और पुलिस और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट दोनों को इन्फॉर्म किया था। इसके बाद जो हुआ, उससे इलाके में कानून लागू करने पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर श्रद्धा पंद्रे के मुताबिक, रेंजर राम नरेश विश्वकर्मा को तुरंत मौके पर भेजा गया। पंद्रे खुद बुधार से एक मीटिंग के बाद जा रही थीं।

लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले, कथित तौर पर कोयला माफिया से जुड़े हथियारबंद लोगों ने रेंजर की गाड़ी रोकी, उन्हें बाहर खींच लिया, उन पर हमला किया और उनकी यूनिफॉर्म फाड़ दी। हमलावरों ने कथित तौर पर बंदूक की नोक पर उन्हें धमकाया। रेंजर किसी तरह बच निकले और अपने सीनियर्स को बताया। छ्स्रह्र श्रद्धा पंद्रे ने कहा, यह घटना 11 फरवरी को शाम करीब 7 बजे हुई। आरोपियों ने रेंजर की गाड़ी को घेर लिया, उन्हें बाहर खींच लिया और पीटा। उनकी यूनिफॉर्म फाड़ दी गई। जब मैं मौके पर पहुंची, तब भी तीन नामजद आरोपी बेतन सिंह, चिंटू सिंह और राजू सिंह बिना डरे हमारे स्टाफ के साथ बदतमीजी कर रहे थे। गांव वालों का आरोप है कि इसी माफिया ने पहले भी स्थानीय लोगों पर हमला किया था जब उन्होंने गैर-कानूनी कोयले के ट्रांसपोर्ट को रोकने की कोशिश की थी।

## हिंदूओं की जनसंख्या में गिरावट चिंता का विषय, बांग्लादेशी घुसपैठ देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतराः अम्बरीश सिंह



**रांची, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री व विशेष संपर्क प्रमुख अम्बरीश सिंह ने कहा आज समाज भेदमुक्त हिंदू के रूप में खड़ा हो रहा है। श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण के साथ-साथ कुंभ में करोड़ों लोगों का एक साथ स्नान करना जीवंत उदाहरण है। हिंदू समाज के अंदर श्रद्धा कैसे धुमिल हो, इस पर विभिन्न प्रकार से कुविचार को प्रतिस्थापित करने का प्रयास हो रहा है। संत, अर्चक, पुरोहित जैसे समाज को हिंदू समाज के बीच में ही उनके कार्यों के प्रति चलचित्र, इंटरनेट मीडिया सहित अन्य माध्यमों से विरोधाभास खड़ा करने का षड्यंत्र व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। इससे सतर्क रहने की जरूरत है।वह शनिवार को रांची के होटल ग्रीन होराइजन के सभागार में आयोजित विहिप की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में धर्मरक्षानिधि, श्रीरामोत्सव, श्रीहनुमान जयंती, डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, विशेष संपर्क एवं विमर्श विषय पर समाज के प्रबुद्धजनों की भूमिका, वार्षिक प्रशिक्षण वर्ग सहित कई कार्यक्रम के संदर्भ में विचार-विमर्श कर योजना बनाई गई।कांची के शंकराचार्य के द्वारा शंकर नेत्रालय, माता आनंदमयी अम्मा के द्वारा हजारों सेवा के कार्य चलाए जा रहे हैं, लेकिन यह समाज के बीच चर्चा का विषय नहीं बनाया जाता है, जिस कारण कुविचार परोसने वाले तंत्र हिंदू समाज के लोगों को नीचा दिखाने में कसर नहीं छोड़ते।उन्होंने कहा आज देश में जनसंख्या वृद्धि तो हो रही है, लेकिन हिंदू की जनसंख्या लगातार गिर रही है। यह जनसंख्या असंतुलन देश के अंदर रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण हो रहा है, जो देश की आंतरिक सुरक्षा के खतरे का संदेश दे रहा है।

## सोशल मीडिया पर व्यूज के लिए मंदबुद्धि युवक को पिलाई शराब, कुत्ते से करवाया कुकर्म

**जालंधर 15 फरवरी।** इंटरनेट मीडिया पर व्यूज और मनोरंजन के लिए इंसानियत को शर्मसार करने वाली वीडियो सामने आई है। विकृत मानसिकता के शिकार दो व्यक्ति एक मंदबुद्धि युवक को शराब पिलाकर व 200 रुपये देकर अपने जर्मन शेफर्ड कुत्ते से कुकर्म करवाते दिखे।दोनों व्यक्ति गोराया के रहने वाले हैं। इसमें वीडियो बनाने वाला गोराया का कथित नेता, जबकि दूसरा कुत्ते का मालिक बताया जा रहा है। समाजसेवी विवेक शर्मा और मंगी स्वामी ने पुलिस अधिकारियों के अलावा एससी कमीशन के चेयरमैन जसबीर गढ़ी को पत्र लिखकर बच्चे को इंसाफ दिलवाने की गुहार लगाई है।बताया जा रहा है कि गरीबी के चलते बच्चे का पिता 23 वर्ष पहले घर छोड़कर चला गया था। उसकी माता किसी स्कूल में काम करती है।वायरल वीडियो में कुत्ते का मालिक लड़के को पहले शराब पिलाते हैं। उसके बाद 200 रुपये देते हैं और फिर व्यक्ति मनोरंजन के लिए जर्मन शेफर्ड को लेकर आता है।

## DRI की बड़ी कार्रवाईः काठमांडू से दिल्ली ले जाई जा रही,10 करोड़ की हेरोइन पकड़ी, एक गिरफ्तार



**लखनऊ।** नेपाल से लखनऊ के रास्ते दिल्ली भेजी जा रही हेरोइन की बड़ी खेप को पकड़ा गया है। राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने बीबीडी के पास काठमांडू से दिल्ली जा रही एक बस में छापेमारी करके 10.40 करोड़ रुपये कीमत की 5209 ग्राम हेरोइन बरामद की है। टीम ने दिल्ली निवासी संदीप को गिरफ्तार किया है।राजस्व खुफिया निदेशालय को सूचना मिली थी कि काठमांडू से लखनऊ के रास्ते हेरोइन की खेप भेजी जा रही है। इसे दिल्ली और एनसीआर के युवाओं को बेचा जाना था। टीम ने बीबीडी के पास काठमांडू से दिल्ली जा रही बस की जांच की।एक यात्री के सामान की गहन तलाशी की गई। उसके पास चार पैकेटों में रखा 5,209 ग्राम सफेद पाउडरनुमा पदार्थ बरामद हुआ। मौके पर फील्ड टेस्ट हुआ तो पदार्थ हेरोइन पाया गया। बरामद हेरोइन की कीमत 10.418 करोड़ बताई जा रही है। डीआरआई की टीम ने बीबीडी के पास सादी वर्दी में बस को रुकवाया तो उसके स्टाफ ने इसका विरोध किया। बस को हाईवे किनारे लगवाकर यात्रियों के सामान की गहन तलाशी ली गई। बरामद हेरोइन को एनडीपीएस अधिनियम 1985 के प्रविधानों के तहत जब्त किया गया।

## कार में मिले प्रेमी-प्रेमिका के गोली लगे शव वैलेंटाइन डे के दिन हुआ लव स्टोरी का दर्दनाक अंत

**नोएडा, 15 फरवरी [एजेंसी]।**


नोएडा में सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सेक्टर-107 में दादरी रोड के पास सर्विस रोड पर कार में युवक-युवती के गोली लगे शव मिले। आशंका है कि प्रेम-प्रसंग में युवक-युवती ने गोली मारकर आत्महत्या की है।दोनों की पहचान सुमित पुत्र राजवीर निवासी त्रिलोकपुरी, दिल्ली, उम्र-32 वर्ष और रेखा पुत्री देवचंद निवासी सलारपुर, सेक्टर-101 नोएडा, उम्र-26 वर्ष के रूप में हुई है।पुलिस के मुताबिक, राहगीर ने शनिवार दोपहर करीब एक बजे अल्ट्रोज मॉडल की सफेद कार में दो लोगों के लहूलुहान अवस्था में होने की सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो कार अंदर से लॉक थी। पुलिस ने शीशा तोड़कर दोनों को बाहर निकाला। फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य भी



जुटाए। युवक के हाथ में पिस्टल मिली और दोनों के सिर में गोली लगी थी।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुमित कल सुबह से ही अपने घर से निकल गया था, जिसके बाद उसका कोई पता नहीं था। वहीं शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती शुक्रवार शाम करीब सात बजे कंपनी से निकली थी लेकिन उसके बाद वह घर नहीं पहुंची थी जिसकी स्वजन से सेक्टर 58 थाना पुलिस से की थी। युवती सेक्टर 62 में एक कंपनी में काम करती थी। पुलिस और फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

शांति व्यवस्था स्थापित है। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। सुमित दिल्ली न्यू अशोक नगर में ही पानी के प्लांट में काम कर रहा था। सके पिता राजीव दिल्ली एमसीडी में कार्यरत है। क्रिकेट का काफी शौकीन है। वह क्रिकेट खेलता था। स्वजन ने बताया कि पिछले दिनों सुमित ने रेखा के लिए नोएडा में एक फ्लैट भी खरीदा था। दीपावली पर कार ली थी।

## लग्जरी फ्लाइट, लग्जरी नशा, डेढ़ करोड़ का हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त, बैंकॉक से अमृतसर लौटे युवक अरेस्ट



**अमृतसर, 15 फरवरी [एजेंसी]।**

श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे अमृतसर पर कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंकॉक से आए एक यात्री के पास से करीब 1.5 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया है। बरामद नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है। आरोपी यात्री को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।जानकारी के अनुसार यात्री की पहचान सौरव कुमार पुत्र मुन्ना तांती निवासी मकान नंबर 2653, गली नंबर 5, मजीठा रोड, अमृतसर के रूप में हुई है। वह थाई लायन एयर की फ्लाइट नंबर स्रु214 से बैंकॉक से अमृतसर पहुंचा था। एयरपोर्ट पर नियमित जांच के दौरान कस्टम अधिकारियों को उसके सामान पर शक हुआ।संदेह के आधार पर जब बैग की गहन तलाशी ली गई तो उसमें से विशेष तरीके से पैक किया गया हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि हाइड्रोपोनिक गांजा सामान्य गांजे से अधिक महंगा और उच्च गुणवत्ता वाला माना जाता है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारी मांग है। कस्टम अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया और यात्री को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने की संभावना जताई जा रही है। जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि आरोपी किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़ा है या नहीं।एयरपोर्ट पर बढ़ती ड्रग तस्करी की घटनाओं को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। हालांकि कस्टम विभाग का कहना है कि लगातार सख्ती और आधुनिक स्कैनिंग तकनीक के कारण ऐसी कोशिशों को नाकाम किया जा रहा है।

### तारिक रहमान का शपथ ग्रहणः बांग्लादेश ने पीएम मोदी को समारोह में शामिल होने का दिया न्योता

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के अगले प्रधानमंत्री तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए न्योता दिया है। इसके साथ ही 16 फरवरी को दूसरे क्षेत्रीय नेताओं को भी बुलाया जाएगा।ढाका से यह न्योता शनिवार देर रात भारतीय पक्ष को तब दिया गया जब रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नेताओं ने संकेत दिया कि शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए क्षेत्रीय नेताओं को बुलाया जाएगा।बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ढाका जाने की संभावना कम है क्योंकि वह 17 फरवरी को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करने वाले हैं। मैक्रों, अगले हफ्ते एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने के लिए भारत आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, तारिक रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय पक्ष की तरफ से कोई सीनियर नेता, शायद उप राष्ट्रपति या विदेश मंत्री शामिल हो सकते हैं। भारतीय पक्ष बांग्लादेशी पक्ष के साथ जल्दबाजी में सुलह करते हुए भी नहीं दिखना चाहता, हालांकि निचले स्तर पर पहुंचे रिश्तों को फिर से ठीक करना अभी भी प्राथमिकता है।

## बंदरों के हमले से बचकर भागी बुजुर्ग महिला की छत से गिरकर मौत, परिवार में मचा कोहराम

**फर्रुखाबाद, 15 फरवरी [एजेंसी]।**



शहर से लेकर गांवों तक बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। खूंखार बंदर आए दिन किसी न किसी पर हमलाकर देते हैं। शुक्रवार को शमसाबाद के गांव खुड़नाखार में बंदरों के हमले से बचने के लिए चने सुखा रही वृद्ध महिला छत से नीचे गली में आ गिरीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।शमसाबाद के गांव खुड़नाखार निवासी शेखर चंद्र की 75 वर्षीय पत्नी वीरवती गंगवार शनिवार को अपराह्न 3.00 बजे अपने घर की छत पर धूप में चने सुखा रही थीं। इसी दौरान बंदरों के एक झुंड ने उन पर हमला कर दिया। वीरवती जान बचाने के लिए पीछे की ओर भागीं। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण वह छत से नीचे गली में जा गिरीं। चीख-पुकार सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें उठाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।घटना से स्वजन में कोहराम मच गया। मृतका के एक पुत्री है जो इस समय नोएडा में रह रही है। पड़ोसियों ने उसे घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बंदरों की संख्या अत्यधिक बढ़ गई है। वह आए दिन लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार गुहार लगाने के बावजूद इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया है। 11 जनवरी 2025 - शमसाबाद के मुहल्ला गढ़ी निवासी नजीब की 18 वर्षीय पुत्री हिवा छत पर थी। तभी बंदरों के दौड़ने पर बचने को भागी और जीने से गिरकर उसकी मौत हो गई थी। 13 जनवरी 2025- शहर के मुहल्ला महावीरगंज प्रथम निवासी समीर वर्मा की 36 वर्षीय पत्नी गुड़िया वर्मा छत पर थीं तभी बंदरों ने दौड़ा लिया। बचकर भागने के दौरान जीने पर पैर फिसलने से नीचे आ गिरी। इस दौरान सिर में चोट आने से उनकी मौत हो गई।18 जनवरी 2025- मोहम्मदाबाद के गांव खिमसेपुर निवासी 45 वर्षीय नन्हें लाल वर्मा के घर से बंदर कपड़े उठा ले गया था। कपड़े छुड़ाने के दौरान बंदर उन पर दौड़ पड़े। बचकर भागने के दौरान पैर फिसलने से नन्हें लाल छत से नीचे गिर गए थे। घायल नन्हें लाल की 20 जनवरी को कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

22 फरवरी 2025 - कायमगंज के गांव पितौरा निवासी साबिर अली की 60 वर्षीय पत्नी कुरैशा शाम को अपने घर की छत पर बैठीं थीं। तभी वहां बंदर आ गए। बंदरों के डर से वह जीने से नीचे जाने लगीं। हड़बड़ी में संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिरकर बेहोश हो गईं। अस्पताल में उनकी मौत हो गई।13 मार्च 2025- कायमगंज के मोहल्ला चिलांका निवासी कबाड़ कारोबारी दिव्यांग अकरम का छह वर्षीय पुत्र यामीन घर की छत पर खेल रहा था। तभी छत पर बंदर आने से यामीन पड़ोसी पप्पू की छत पर भागा। बिना मुंडेर की छत से वह नीचे गली में जा गिरा। आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई ले जाने के दौरान रास्ते में यामीन की मौत हो गई।

## गया में सिक्स लेन पुल के पास मिला नर कंकाल, इलाके में फैली सनसनी

गया। मानपुर क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब गया और मानपुर को जोड़ने वाली फल्गु नदी पर बने सिक्स लेन पुल के पिलर के बीच हिस्से पर एक नर कंकाल बरामद किया गया। शनिवार दोपहर पुल की जांच करने पहुंचे पुल निगम के कर्मी की नजर पिलर संख्या नौ के पास पड़े कंकाल पर पड़ी, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया।देखते ही देखते मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना अध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी और अपर थाना अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार कंकाल करीब तीन से चार साल पुराना बताया जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि मानपुर सिक्स लेन पूल के पिलर पर एक नर कंकाल मिला है।

# महाशिवरात्रि व्रत कथा, जाने पूजा विधि



महाशिवरात्रि व्रत कथा- सनातन धर्मग्रंथों, विशेषकर शिव पुराण में महाशिवरात्रि का अत्यंत विस्तृत वर्णन मिलता है। इस पावन रात्रि को भगवान शिव की अनंत शक्ति के प्रकट होने का दिवस माना जाता है।

महाशिवरात्रि व्रत कथा- सनातन धर्मग्रंथों, विशेषकर शिव पुराण में महाशिवरात्रि का अत्यंत विस्तृत वर्णन मिलता है। इस पावन रात्रि को भगवान शिव की अनंत शक्ति के प्रकट होने का दिवस माना जाता है। नीचे प्रमुख महाशिवरात्रि व्रत कथाएं दी जा रही हैं, जिन्हें सुनना और पढ़ना व्रत के दिन अत्यंत शुभ माना गया है।

**शिव-पार्वती विवाह कथा**

पौराणिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान भगवान शिव और माता माता पार्वती का दिव्य विवाह संपन्न हुआ था। माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर शिवजी को पति रूप में प्राप्त किया। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की रात्रि में विवाह स्वीकार किया। इसलिए इस दिन विवाह योग्य कन्याएं मनचाहा वर पाने के लिए व्रत रखती हैं और विवाहित महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं।

**समुद्र मंथन और नीलकंठ कथा**

दूसरी प्रमुख कथा समुद्र मंथन से जुड़ी है। जब देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्ति के लिए समुद्र मंथन किया, तब सबसे पहले भयंकर विष 'हलाहल' निकला। सृष्टि को विनाश से बचाने के लिए भगवान शिव ने वह विष अपने कंठ में धारण कर लिया। विष के प्रभाव से उनका कंठ नीला हो गया और वे नीलकंठ कहलाए। महाशिवरात्रि की रात्रि को शिवजी के इस त्याग और करुणा का स्मरण किया जाता है।

**लुब्धक ( शिकारी ) की कथा**

शिव पुराण में वर्णित लुब्धक नामक एक शिकारी की कथा अत्यंत प्रसिद्ध है। एक बार वह जंगल में शिकार की तलाश में गया। रात्रि में वह एक बेल के वृक्ष पर चढ़कर जागता रहा और अनजाने में नीचे स्थित शिवलिंग पर बेलपत्र गिराता रहा। उस दिन महाशिवरात्रि थी और अनजाने में ही उसने व्रत, जागरण और बेलपत्र अर्पण का पुण्य अर्जित कर लिया। प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उसे मोक्ष प्रदान किया।

**महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक महत्व**

महाशिवरात्रि केवल व्रत या अनुष्ठान का पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन और चेतना जागरण की रात्रि है। योगशास्त्र के अनुसार इस रात्रि में ग्रहों की विशेष स्थिति साधना के लिए अनुकूल मानी जाती है। ध्यान, जप और संयम के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर स्थित शिव तत्व को जागृत कर सकता है। महाशिवरात्रि व्रत कथा का श्रवण और विधिपूर्वक पूजा करने से पापों का क्षय, मनोकामनाओं की पूर्ति और आध्यात्मिक उन्नति होती है।

शास्त्रों में कहा गया है, शिवरात्रि व्रतं नाम सर्वपापप्रणाशनम्

अर्थात यह व्रत सभी पापों का नाश करने वाला है।

## शिव-पार्वती विवाह का दिव्य पर्व

धार्मिक शास्त्रों में महाशिवरात्रि को भगवान शिव और पार्वती के मिलन का प्रतीक माना गया है। इसलिए इस दिन देशभर के शिव मंदिरों में शिव बारात और रात्रि जागरण का आयोजन किया जाता है। ऐसे में आज हम आपको महाशिवरात्रि की तिथि, मुहूर्त और पूजन विधि के बारे में बताने जा रहे हैं।

इस बार आज यानी की 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। यह पर्व शिव भक्तों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस शुभ मौके पर भोलेनाथ और मां पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना का महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन शिवलिंग पर दूध, शहद, चंदन और बेलपत्र आदि अर्पित करने से जातक के दुखों का अंत होता है। वहीं महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने से भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

**तिथि और मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरूआत 15 फरवरी की शाम 05-04 मिनट पर हो रही है। वहीं अगले दिन यानी की 16 फरवरी 2026 की शाम 05-34 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। ऐसे में उदयातिथि के हिसाब से 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है।

**मंत्र जाप**

प्रथम प्रहर में ऊं ह्रीं ईशानाय नम:ऊं मंत्र का जाप करें।
दूसरे प्रहर में ऊं ह्रीं अघोराय नम-ऊं मंत्र का जाप करें।
तीसरे प्रहर में ऊं ह्रीं वामदेवाय नम:ऊं मंत्र का जाप करें।
चौथे प्रहर में ऊं ह्रीं सद्योजाताय नम: मंत्र का जाप करें।



**पूजन विधि**

महाशिवरात्रि पर पूजन के लिए सबसे पहले जल, दूध, दही, शक्कर, घी और गन्ने के रस से शिवलिंग का अभिषेक करें।

फिर कुछ बेलपत्र लेकर ऊँ नम- शिवाय मंत्र का जाप करते हुए इसको शिवलिंग पर अर्पित कर दें।

भगवान शिव को भांग और धतूरा अर्पित करें।

शिवलिंग पर चंदन लगाएं और त्रिपुंड बनाएं।

फिर भगवान शिव को फल, बेर, मिठाई और फूल आदि का सामान अर्पित करें।

घी का दीपक जलाकर शिवलिंग के सामने रखें और ऊँ पार्वती पतये नम- मंत्र का जाप करें।

अब मां पार्वती के श्रृंगार से जुड़ी चीजें अर्पित करें।

शिव चालीसा का पाठ करें और शिव परिवार की आरती करें।


पूजा के अंत में क्षमायाचना करें और अपनी क्षमता के अनुसार दान करें।

## धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण त्यौहार है महाशिवरात्रि

गृहस्थ जीवन में रहने वाले लोग महाशिवरात्रि को शिव की विवाह वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाएं रखने वाले लोग इस दिन को शिव की दुश्मनों पर विजय के रूप में देखते हैं।माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है।

भगवान शिव का त्यौहार है महाशिवरात्रि । भारत के सभी प्रदेशो में महाशिव रात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारिशस सहित दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते है। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिव रात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि मे भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है। योगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबर्दस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है। हिंदू धर्म में सबसे बड़ा पर्व महाशिवरात्रि है। इस दिन सभी शिव मंदिरों में भीड़-भाड़ का माहौल रहता है। महाशिवरात्रि के दिन सभी भक्त महादेव की कृपा पाने के लिए विधिवत पूजा-पाठ करते हैं। पंचांग के अनुसार शिवरात्रि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। महाशिवरात्रि आध्यात्मिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण है। इस रात धरती के उत्तरी गोलार्ध की स्थिति ऐसी होती है कि इंसान के शरीर में ऊर्जा कुदरती रूप से ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति इंसान को अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करती है।

गृहस्थ जीवन में रहने वाले लोग महाशिवरात्रि को शिव की विवाह वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाएं रखने वाले लोग इस दिन को शिव की दुश्मनों पर विजय के रूप में देखते हैं।माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता



पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ो तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये उस दिन फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का सीजन होने से गांवों में लोगों द्धारा गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं। पुराणों में कहा जाता है कि एक समय शिव पार्वती जी कैलाश पर्वत पर बैठे थी। उसी समय पार्वती ने प्रश्न किया कि इस तरह का कोई व्रत है जिसके करने से मनुष्य आपके धाम को प्राप्त कर सके ? तब उन्होंने यह कथा सुनाई थी कि प्रत्यना नामक देश में एक व्यक्ति रहता था, जो जीवों को बेचकर अपना भरण पोषण करता था। उसने सेठ से धन उधार ले रखा था। समय पर कर्ज न चुकाने के कारण सेठ ने उसको शिवमठ में बन्द कर दिया।

संयोग से उस दिन फाल्गुन बदी चतुर्दशी थी। वहां रातभर कथा, पूजा होती रही जिसे उसने भी सुना। अगले दिन शिघ्र कर्ज चुकाने की शर्त पर उसे छोड़ा गया। उसने सोचा रात को नदी के किनारे बैठना चाहिये। वहां जरूर कोई न कोई जानवर पानी पीने आयेगा। अत: उसने पास के बील वृक्ष पर बैठने का स्थान बना लिया। उस बील के नीचे एक शिवलिंग था। जब वह पेड़ पर अपने छिपने का स्थान बना रहा था उस समय बील के पत्तों को तोडकर फेंकता जाता था जो शिवलिंग पर ही गिरते थे। वह दो दिन का भूखा था। इस तरह से वह अनजाने में ही शिवरात्रि का व्रत कर ही चुका था। साथ ही शिवलिंग पर बेल-पत्र भी अपने आप चढ़ते गये। एक पहर रात्रि बीतने पर एक गर्भवती हिरणी पानी पीने आई। उस व्याध ने तीर को धनुष पर चढ़ाया किन्तु हिरणी की कातर वाणी सुनकर उसे इस शर्त पर जाने दिया कि सुबह होने पर वह स्वयं आयेगी। दूसरे पहर में दूसरी हिरणी आई। उसे भी छोड़ दिया। तीसरे पहर भी एक हिरणी आई उसे भी उसने छोड़ दिया और सभी ने यही कहा कि सुबह होने पर मैं आपके पास आऊंगी। चौथे पहर एक हिरण आया। उसने अपनी सारी कथा कह सुनाई कि वे तीनों हिरणियां मेरी स्त्री थी। वे सभी मुझसे मिलने को छटपटा रही थी। इस पर उसको भी छोड़ दिया तथा कुछ और भी बेल-पत्र नीचे गिराये। इससे उसका हृदय बिल्कुल पवित्र, निर्मल तथा कोमल हो गया।

प्रात: होने पर वह बेल-पत्र से नीचे उतरा। नीचे उतरने से और भी बेल पत्र शिवलिंग पर चढ़ गये। अत: शिवजी ने प्रसन्न होकर उसके हृदय को इतना कोमल बना दिया कि अपने पुराने पापों को याद करके वह पछताने लगा और जानवरों का वध करने से उसे घृणा हो गई। सुबह वे सभी हिरणियां और हिरण आये। उनके सत्य वचन पालन करने को देखकर उसका हृदय दुग्ध सा धवल हो गया और वह फूट-फूट कर रोने लगा।

महाशिवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में ईश्वरीय शक्ति के महत्व को दिखलाता है। हमें भगवान शिव के द्वारा मानव जाति तथा सृष्टि के कल्याण के लिए विषपान जैसे असीम त्याग को प्रदर्शित करता है। यह दिन हमें इस बात की याद दिलाता है कि यदि हमअच्छे कर्म करेंगे और ईश्वर के प्रति श्रद्धा रखेंगे तो ईश्वर भी हमारी रक्षा अवश्य करेंगे। लोगों का मानना है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव हमारे निकट होते हैं और इस दिन पूजा अर्चना तथा रात्रि जागरण करने वालों को उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। कई लोग इस दिन दान धर्म करते है तथा गरीबों को खाना खिलाकर भगवान शिवजी से अपनी सुखी जीवन के लिए प्राथना करते है।

शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चौदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे। तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया। तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है।

## महाशिवरात्रि पर भद्रा का साया, कब करें भगवान शिव की पूजा ? जानें शुभ मुहूर्त



महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का अत्यंत पवित्र पर्व है, जिसे भगवान शिव की आराधना और रात्रि जागरण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। वर्ष 2026 में महाशिवरात्रि के दिन लगभग 12 घंटे तक भद्रा का प्रभाव रहने की संभावना है, जिसके कारण...

**शास्त्रों की बात**

महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का अत्यंत पवित्र पर्व है, जिसे भगवान शिव की आराधना और रात्रि जागरण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। वर्ष 2026 में महाशिवरात्रि के दिन लगभग 12 घंटे तक भद्रा का प्रभाव रहने की संभावना है, जिसके कारण श्रद्धालुओं के मन में यह प्रश्न उठ रहा है कि शिव पूजा किस समय करना शुभ रहेगा।

**क्या है भद्रा ?**

भद्रा हिंदू पंचांग के अनुसार विष्टि करण का काल होता है। इसे कुछ मांगलिक और शुभ कार्यों के लिए अशुभ माना जाता है, जैसे विवाह, गृह प्रवेश या नया कार्य प्रारंभ करना। हालांकि, धार्मिक अनुष्ठान, मंत्र जाप और भगवान की पूजा पर भद्रा का प्रभाव सामान्यत: नहीं माना जाता, विशेषकर जब बात शिव आराधना की हो।

**कब लगेगी महाशिवरात्रि पर भद्रा**

पंचांग के अनुसार, 15 फरवरी को शाम 05.04 बजे से भद्रा शुरू होगी, जो अगले दिन 16 फरवरी को सुबह 05.23 बजे तक रहेगी। यह भद्रा पाताल लोक की है। शास्त्रों के अनुसार, जब भद्रा पाताल में होती है, तो उसका दुष्प्रभाव पृथ्वी लोक पर नहीं पड़ता। आप बिना किसी डर के पूरे दिन और रात में शिव पूजा, अभिषेक और अनुष्ठान कर सकते हैं।

**महाशिवरात्रि पर पूजा के 6 मुहूर्त**

**सुबह के मुहूर्त**

चर - सुबह 8.24 - सुबह 9.48
लाभ - सुबह 9.48 - सुबह 11.11
अमृत - सुबह 11.11 - दोपहर 12.35
**शाम का मुहूर्त**-शुभ - शाम 6.11 - रात 7.47
अमृत - शाम 7.47 - रात 9.23
चर - रात 9.23 - रात 10.59

**इस बार क्यों खास है महाशिवरात्रि ?**

इस दिन सुबह 06.11 AM से शाम 7.47 PM तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा, जो कार्यों में सफलता दिलाने वाला माना जाता है। रात में श्रवण नक्षत्र का होना शिव पूजा के लिए अत्यंत फलदायी है। ज्योतिषियों के अनुसार, इस दिन बुधादित्य और लक्ष्मी नारायण जैसे शुभ योग भी बन रहे हैं। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए आप जलाभिषेक के साथ-साथ बेलपत्र, धतूरा, भांग और कच्चा दूध अर्पित कर सकते हैं।

## सिद्धि की रात या अनजाने में अपराध ? महाशिवरात्रि की पूजा में इन 5 बातों का रखें खास ख्याल

महाशिवरात्रि केवल एक व्रत या उपवास नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय ऊर्जा के साथ जुड़ने की वह दिव्य रात है, जिसका इंतजार हर शिव भक्त को पूरे साल रहता है। शास्त्रों में इस रात को सिद्धि की रात कहा गया है, जहां महादेव की कृपा पाना सबसे सरल होता है।

महाशिवरात्रि केवल एक व्रत या उपवास नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय ऊर्जा के साथ जुड़ने की वह दिव्य रात है, जिसका इंतजार हर शिव भक्त को पूरे साल रहता है। शास्त्रों में इस रात को सिद्धि की रात कहा गया है, जहां महादेव की कृपा पाना सबसे सरल होता है। लेकिन अक्सर भक्त अपनी अटूट श्रद्धा के बावजूद अनजाने में कुछ ऐसी तकनीकी और आध्यात्मिक चूक कर बैठते हैं, जिससे उनकी पूरी मेहनत और भक्ति का फल निष्फल हो सकता है। भक्ति के मार्ग में भाव सर्वोपरि है, परंतु मर्यादा और नियमों का ज्ञान उस भक्ति को पूर्णता प्रदान करता है। शिवलिंग के अभिषेक से लेकर परिक्रमा तक, शास्त्रों ने कुछ ऐसी लक्ष्मण रेखाएं खींची हैं जिन्हें लांघना आपकी पूजा को खंडित कर सकता है। तो आइए जानते हैं उन 5 बड़ी गलतियों का के बारे में, जिन्हें अक्सर लोग सामान्य समझकर दोहराते हैं, लेकिन ये आपकी साधना में बाधक बन सकती हैं।



**शिवलिंग पर अर्पित न करें ये चीजें**

पूजा के दौरान हम अक्सर भावुक होकर सब कुछ चढ़ा देते हैं, लेकिन महादेव की पूजा में कुछ चीजें वर्जित हैं। शिवलिंग पर कभी भी केतकी का फूल और तुलसी दल न चढ़ाएं। इसके साथ ही, इस बात का विशेष ध्यान रखें कि महादेव को हमेशा बिना टूटा हुआ (अखंडित) बेलपत्र ही अर्पित करें। कटा-फटा बेलपत्र चढ़ाना शुभ नहीं माना जाता।

**शंख का प्रयोग और कुमकुम से परहेज**

भगवान शिव के अभिषेक में कभी भी शंख का उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि पौराणिक कथाओं के अनुसार महादेव ने शंखचूड़ का वध किया था। इसके अलावा, शिवलिंग पर हल्दी और कुमकुम (सिंदूर) चढ़ाने से भी बचना चाहिए। भगवान शिव वैरागी हैं और हल्दी-कुमकुम को श्रृंगार व सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है, इसलिए इनकी जगह सफेद चंदन या भस्म का प्रयोग करें।

**जलधारी को लांघने की भूल न करें**

अक्सर मंदिर में भीड़ के कारण लोग शिवलिंग की परिक्रमा करते समय जलधारी (सोमसूत्र) को लांघ जाते हैं। शास्त्रों के अनुसार, शिवलिंग की कभी भी पूरी परिक्रमा नहीं की जाती। जहाँ से पवित्र जल बाहर निकलता है, वहां रुककर वापस मुड़ जाना चाहिए। जलधारी को लांघना ऊर्जा का अपमान माना जाता है और यह दोषपूर्ण है।

**अभिषेक के लिए तांबे के लोटे का सही चुनाव**

अगर आप दूध से अभिषेक कर रहे हैं, तो कभी भी तांबे के बर्तन का उपयोग न करें। तांबे के संपर्क में आते ही दूध %विष% के समान हो जाता है। दूध के लिए स्टील, चांदी या पीतल के लोटे का प्रयोग करें। तांबे के लोटे का उपयोग केवल गंगाजल या सादा जल चढ़ाने के लिए ही करना चाहिए।

**रात के जागरण में आलस्य न करें**

महाशिवरात्रि की रात को जागृति की रात कहा जाता है। यदि आप व्रत रख रहे हैं और रात में सो जाते हैं, तो साधना अधूरी मानी जाती है। इस रात को सोने की बजाय शिव पुराण का पाठ, मंत्र जाप या कीर्तन करना चाहिए। विशेष रूप से चार प्रहर की पूजा का संकल्प लेने वालों को रात भर रीढ़ की हड्डी सीधी रखकर ध्यान करना चाहिए।

## शब्द सामर्थ्य -316

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 315 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

परीक्षा के दौर में डीजे का उपयोग हुआ तो संचालकों पर कार्यवाही

# बोर्ड परीक्षाओं से पहले प्रशासन अलर्ट



**मनेन्द्रगढ़।** आगामी हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक एमसीबी रत्ना सिंह के निर्देशानुसार मनेन्द्रगढ़ सिटी कोतवाली परिसर में डीजे एवं साउंड सिस्टम संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक ने स्पष्ट किया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों से तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। न्यायालय तथा कलेक्टर एवं दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेशों के परिपालन में ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाएं 20 फरवरी 2026 से 18 मार्च 2026 तक आयोजित होंगी। इसलिए इस अवधि में विशेष सतर्कता बरती जायेगी।

अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिये शांत वातावरण अत्यंत आवश्यक है। तेज ध्वनि से ना केवल पढ़ाई प्रभावित होती है बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी डीजे संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे रात 10 बजे तक अपने साउंड सिस्टम पूर्णतः बंद कर दें साथ ही निर्धारित ध्वनि स्तर का पालन सुनिश्चित करें और बिना अनुमति किसी भी कार्यक्रम में अत्यधिक साउंड का उपयोग ना करें। सिटी कोतवाली प्रभारी दीपेश सैनी ने उपस्थित संचालकों को समझाइश देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने पर ध्वनि यंत्र जब्त करने, जुर्माना लगाने और वैधानिक कार्यवाही करने में संकोच नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में मौजूद डीजे एवं साउंड सिस्टम संचालकों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा अवधि के दौरान नियमित गश्त और निगरानी की जायेगी ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या ध्वनि प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न ना हो। प्रशासन की इस पहल को अभिभावकों और विद्यार्थियों ने सकारात्मक कदम बताते हुए स्वागत किया है।

### आरटीआई कार्यकर्ता ने स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ जांच की मांग उठाई

**कोरिया बैकुंठपुर।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में शासकीय स्वैच्छिक अनुदान राशि के वितरण को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। चिरमिरी निवासी आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा ने जनदर्शन में कलेक्टर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया है। मिश्रा का दावा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के दौरान स्वैच्छिक अनुदान की राशि अपात्र एवं मंत्री के कथित करीबी लोगों को नियम विरुद्ध तरीके से प्रदान की गई, जिससे शासन को आर्थिक क्षति पहुंची है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि मंत्री की अनुशंसा पर स्वैच्छिक अनुदान की राशि ऐसे व्यक्तियों को दी गई जिनकी पात्रता संदिग्ध है। आरोप है कि मंत्री के करीबी लोग कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर चेक प्राप्त करते हैं और लाभार्थियों तक पहुंचाते हैं। इसके बाद चेक वितरण के फोटो सोशल मीडिया पर साझा किए जाते हैं। जबकि नियमानुसार, स्वैच्छिक अनुदान की राशि का वितरण शासकीय अधिकारी द्वारा ही किया जाना चाहिए, किसी जनप्रतिनिधि या उनके प्रतिनिधि द्वारा सीधे चेक प्रदान करना नियमों के विरुद्ध माना जाता है। आरटीआई कार्यकर्ता का कहना है कि यदि अपात्र व्यक्तियों को अनुशंसा नहीं की जाती, तो लाखों रुपये की राशि का भुगतान रोका जा सकता था।

## परिवार परामर्श केन्द्र ने काउंसिलिंग के साथ 2 प्रकरणों का निपटारा कर दी दिशा



**एमसीबी/मनेन्द्रगढ़।** सरगुजा रेंज के आईजी दीपक कुमार झा के निर्देश और मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले की पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह की पहल पर जिला बनने के लगभग चार वर्षों बाद 14 फरवरी 2026 को जिला एमसीबी में परिवार परामर्श केन्द्र की विधिवत शुरुआत की गई। अब तक महिलाओं के प्रति बढ़ते दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, वैवाहिक विच्छेद और पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों को निराकरण के लिये जिला बैकुण्ठपुर स्थित परिवार परामर्श केन्द्र भेजा जाता था जिससे पीड़ित पक्षों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह द्वारा जिले में ही एक समर्पित टीम गठित की गई और सभी पारिवारिक प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिये गये। थाना मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र से ससुर-बहू के बीच लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक विवाद का मामला था। थाना से पति-पत्नी के बीच घरेलू कलह से संबंधित प्रकरण टीम और काउंसलरों ने दोनों पक्षों की बातों को धैर्यपूर्वक सुनते हुए समझाइश दी। मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त ससुर-बहू विवाद जो लगभग 3-4 वर्षों से चला आ रहा था। त्वरित और आपसी सहमति से समाधान किया गया जिससे दोनों पक्ष संतुष्ट नजर आये वहीं झगराखाण्ड से प्राप्त पति-पत्नी के प्रकरण में शराब सेवन के कारण होने वाले विवादों को लेकर गहन काउंसलिंग की गई। काउंसलरों ने पति को नशा छोड़ने, परिवार की जिम्मेदारी समझने और बच्चे की शिक्षा के लिये बचत करने की सलाह दी। एक माह का समय दिये जाने पर पत्नी ने पति एवं सास के साथ पुनः साथ रहने की सहमति दी जिससे यह प्रकरण भी सफलतापूर्वक निराकृत हुआ। पति-पत्नी के प्रकरण में 3 वर्षीय अबोध बालक जो पिता एवं दादी के साथ रह रहा था को मां अपने साथ ले जाना चाहती थी। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता काउंसलर विशोख खरे ने स्नेहपूर्ण अंदाज में बालक से बातचीत कर उसकी इच्छा जानने का प्रयास किया। मासूम बच्चे ने कहा कि मां अच्छी है, मैं मां के साथ जाऊंगा। जैसे सरल लेकिन भावुक उत्तर पर दोनों पक्ष सहमत हुए और प्रसन्नता के साथ अपने-अपने घर लौटे। मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर क्षेत्र के नागरिक पारिवारिक विवादों से संबंधित आवेदन परिवार परामर्श केन्द्र, एमसीबी, थाना सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ के बगल में स्थित अजाक प्रकोष्ठ कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। यह पहल ना केवल न्यायसंगत बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी जिले के लिए एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम मानी जा रही है।

## गांव-गांव पहुंची कांग्रेस की संगठनात्मक मुहिम



**मनेन्द्रगढ़।** ग्रामीण अंचलों में संगठन को नई मजबूती देने की दिशा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सक्रिय कदम बढ़ाए हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर द्वारा पाराडोल, बंजी और बुंदेली ग्राम पंचायतों में कार्यकारिणी गठन को लेकर क्रमशः बैठकें आयोजित की गईं जिनमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली। बैठकों का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करना, स्थानीय नेतृत्व को आगे लाना और ग्रामीण समस्याओं को राजनीतिक मंच प्रदान करना रहा। चर्चा के दौरान बिजली, सड़क, पेयजल, रोजगार और किसानों से जुड़े मुद्दों पर भी संवाद हुआ। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने कहा कि पार्टी की असली ऊर्जा गांवों में बसती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केवल संगठनात्मक पद तक सीमित ना रहें बल्कि जनसमस्याओं के समाधान के लिये सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने आगामी समय में जनसंपर्क अभियान और गांव स्तरीय बैठकों की श्रृंखला चलाने की घोषणा भी की। बैठकों में ग्राम स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया और जिम्मेदारियां सौंपी गईं। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमीर सिंह श्याम ने इसे संगठन विस्तार की सकारात्मक पहल बताया वहीं झगराखाण्ड मंडलम अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि गांवों में सीधा संवाद कांग्रेस की पहचान रहा है और इसी परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। नेताओं ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस केवल चुनावी समय में नहीं बल्कि हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ी रहने वाली पार्टी है। बैठकों में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमीर सिंह श्याम, झगराखाण्ड मंडलम अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, जनपद सदस्य सीता देवी आयाम, बंजी सरपंच देव कुमार सिंह, देवेंद्र सिंह, उमेंद्र सिंह, चन्द्र भान सिंह, शिवनाथ सिंह, कुंवर सिंह, बलवीर सिंह, विनोद चौहान, समयलाल बैगा, सीताराम, हिरदन सिंह, राजकुमार, बलराम, मनीष, राम सिंह, राजू, लल्लू, राम गोपाल यादव, संजय यादव, केडी भैया, रमेश सिंह, भावेश जैन, शीतेश्वर सिंह, किशुन सिंह, सुंदर सिंह, शिव सिंह, महिपाल सिंह, भीम सिंह, प्रेम सिंह, जयप्रताप, संजय कुमार, ध्यान सिंह, दीपक सिंह, बलराम मरकाम, बृजराज सिंह, राम प्रताप (पंच), संतोष बाखला (पंच), सोनू यादव (पंच), शिवभजन (पंच), रवि कुर्रे, किशुन यादव, रामप्रकाश, शिवशंकर, गोपाल यादव, प्रेम आयाम, विजय सूर्वंशी, अनुज कुमार सहित अन्य कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बेलबहरा स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई के साथ सीख दी



**मनेन्द्रगढ़/बेलबहरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा का प्रांगण उस समय भावनाओं से भर उठा जब कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को फेयरवेल समारोह के माध्यम से विदाई दी गई। यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि वर्षों की मेहनत, संघर्ष, मित्रता और गुरुओं के सान्निध्य की यादों का उत्सव बन गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख बलराज पाल ने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि अनुशासन, एकाग्रता और निरंतर अभ्यास ही जीवन में आगे बढ़ने की कुंजी है। उन्होंने संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को सम्मानित कर अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया साथ ही विद्यालय के सत्यम ग्रुप को शील्ड प्रदान कर टीम भावना की सराहना की गई। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल से दूरी बनाकर अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने, उत्तरों को सुंदर और स्पष्ट लेखन में प्रस्तुत करने तथा समय प्रबंधन के साथ परीक्षा देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अच्छे अंक केवल परिणाम नहीं बल्कि उज्ज्वल भविष्य की नींव होते हैं। समारोह में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। गीतों में भावनाएं थीं। नृत्य में आत्मविश्वास और कविताओं में अपने स्कूल के प्रति अपनापन झलकता नजर आया। शिक्षकों के सम्मान के दौरान कई विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं जिससे माहौल अत्यंत भावुक हो गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता एवं शिक्षकगण माता प्रसाद द्विवेदी, कमलेश कुमार पांडे, अश्वनी कुमार दुबे, नित्यानंद द्विवेदी, जयंत देवांगन, श्रीमती सुनीता मिश्रा, श्रीमती निर्मला अग्रवाल, श्रीमती शोभा जयसवाल, श्रीमती माया वर्मा, श्रीमती रश्मि सिंह, श्रीमती मंजू बघेल, सहायक शिक्षक श्रीमती सुनीता यादव, विशाल सिंह, अखिलेश पांडे सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सशक्त और सराहनीय मंच संचालन कक्षा 11वीं के छात्र ललित राजवाड़े एवं छात्रा आराध्या तिग्गा द्वारा किया गया। फेयरवेल का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए यादों की सौगात बनकर उनके जीवन के नये अध्याय की शुरुआत का साक्षी बना।

### विधायक रेणुका ने सोनहत की फिजा बदल दी

## अनाथ बच्चों के विवाहोपरांत आशीर्वाद समारोह का सफल आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ के सोनहत में आयोजित एक विशेष आशीर्वाद समारोह ने सामाजिक संवेदना, संस्कार और एकजुटता की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने उपस्थित हर व्यक्ति को भावुक कर दिया। दो अनाथ बच्चों के विवाह उपरांत आयोजित इस समारोह में पूरा क्षेत्र एक परिवार की तरह एकजुट दिखाई दिया। माता-पिता के साये के बिना जीवन की नई पारी शुरू कर रहे नवदंपति के लिए यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि समाज की ओर से स्नेह, सुरक्षा और सहयोग का सशक्त आश्वासन था। इस अवसर पर कोरिया-बैकुंठपुर के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े स्वयं समारोह में उपस्थित होकर नवदंपति को आशीर्वाद देने पहुंचे। उनके आगमन से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। उन्होंने नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि समाज का साथ और बड़ों का आशीर्वाद मिल जाए तो हर चुनौती का सामना किया जा सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र का हर व्यक्ति नवदंपति के सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहेगा। उनके प्रेरक और स्नेहिल शब्दों ने नवदंपति के मन में आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का संचार किया। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने नवदंपति को उपहार, आशीर्वाद और शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिस आत्मीयता और अपनत्व के साथ लोगों ने इन बच्चों को गले लगाया, वह दृश्य अत्यंत मार्मिक था। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा सोनहत ही उनके माता-पिता और अभिभावक की भूमिका निभा रहा हो। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ दंपति का स्वागत किया, वहीं युवाओं ने आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज की असली ताकत उसकी संवेदनशीलता और एकता में निहित होती है। अनाथ बच्चों के जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर जिस प्रकार क्षेत्रवासियों ने सहभागिता निभाई, वह सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों का प्रेरक उदाहरण है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों को यह विश्वास दिलाते हैं कि वे अकेले नहीं हैं। नवदंपति ने भावुक होकर सभी उपस्थित जनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उन्हें आज यह अनुभव हुआ कि पूरा समाज उनके साथ खड़ा है और यही उनके लिए सबसे बड़ा संबल है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से नवदंपति के सुखद, सफल और समृद्ध दांपत्य जीवन की कामना की गई।

## सीएमडी दुहान ने फुटबाल गोल्ड कप के लिए बढ़ाई सहयोग राशि



**चरचा कॉलरी।** चरचा क्षेत्र के ऐतिहासिक अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के 50 वें गोल्डन जुबली वर्ष के भव्य समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरिश दुहान, ने महाजन स्टेडियम में उमड़ी लगभग 30 हजार फुटबॉल प्रेमी दर्शकों की भीड़ को देखकर आश्चर्य और गर्व दोनों व्यक्त किया। अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड का फुटबॉल प्रतियोगिता के गौरवशाली 50 वे वर्ष की प्रतियोगिता में देश की चर्चित ख्याति प्राप्त टीमों के साथ-साथ कई विदेशी खिलाड़ियों की भागीदारी से सजी इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता ने यह सिद्ध कर दिया कि चरचा का फुटबॉल प्रेम किसी भी महानगर से कम नहीं है।

महाजन स्टेडियम में फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान लगभग 5000 की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी महिलाओं के लिए अलग से गैलरी की व्यवस्था की गई थी ऐसी महिला फुटबॉल दर्शकों की भीड़ देश में अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिलती यह देखकरअपने उद्बोधन में सी. एम. डी हरिश दुहान ने कहा कि महाजन स्टेडियम परिसर में हजारों की संख्या में उपस्थित हमारी सम्माननीय माताएँ, बहनें और बेटियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि चरचा में खेल केवल खेल नहीं, बल्कि उत्सव है।ऐसा खेल प्रेम अन्य कहीं देखने को नहीं मिलता। छोटे से शहर में इतनी ज्यादा लोकप्रियता अद्भुत है मैं यहाँ की महिलाओं और बेटियों की खेल भावना का सम्मान करता हूँ और चाहता हूँ कि चरचा में महिलाओं के लिए अलग से फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जाए। सीएमडी ने आयोजन के लिए सहयोग राशि को बढ़ाते हुए 5 लाख करने की घोषणा की।

### ईशान गुप्ता बने डॉक्टर, हासिल की एमबीबीएस की डिग्री



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के बैकुंण्ठपुर में स्थानीय प्रतिष्ठित पन्नालाल सुभाष चंद्र मेडिकल स्टोर के संचालक ज्ञान प्रकाश गुप्ता के पुत्र ईशान गुप्ता ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से एमबीबीएस की डिग्री सफलतापूर्वक प्राप्त कर डॉक्टर बन गए हैं। ईशान गुप्ता का परिवार बैकुंठपुर के चिकित्सा व्यवसाय से लंबे समय से जुड़ा हुआ है। उनके पिता ज्ञान प्रकाश गुप्ता पन्नालाल सुभाष चंद्र मेडिकल स्टोर का सफल संचालन करते हैं। ईशान के बड़े भाई नवीन गुप्ता (रिंकू) गुप्ता मेडिकल स्टोर की जिम्मेदारी संभालते हैं, वहीं उनके दूसरे भाई अनुपम गुप्ता भी जय श्री मेडिकल स्टोर से जुड़े हुए हैं। ईशान गुप्ता शुरुआती दौर से ही पढ़ाई में मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी शैक्षणिक यात्रा में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपने डॉक्टर बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अथक परिश्रम किया।

## अधिवक्ता मयंक जैन बने जिला सहसंयोजक, बधाइयों का लगा तांता



**मनेन्द्रगढ़।** किसानों को संगठित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम पहल के तहत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला एमसीबी द्वारा अधिवक्ता मयंक जैन को एफ.पी.ओ. (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) गठन प्रकल्प का जिला सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद जिलेभर में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिल रहा है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयों और शुभकामनाओं से सराबोर कर दिया। संगठन से जुड़े लोगों का मानना है कि यह निर्णय किसान हितों को मजबूती देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बताया जाता है कि अधिवक्ता मयंक जैन लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। किसानों से जुड़े विषयों पर उनकी स्पष्ट समझ, व्यवहारिक अनुभव और सक्रिय सहभागिता को देखते हुए किसान मोर्चा ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। एफ.पी.ओ. गठन प्रकल्प का मुख्य उद्देश्य किसानों को एकजुट कर उन्हें बेहतर बाजार, उचित मूल्य और आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ना है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। नवनियुक्त जिला सह संयोजक मयंक जैन से अपेक्षा की जा रही है कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को नई दिशा देंगे और जिले के किसानों के हित में प्रभावी कार्य करेंगे। शुभचिंतकों ने ईश्वर से कामना की है कि उनके नेतृत्व में एफ.पी.ओ. प्रकल्प सफल हो और इसका सीधा लाभ जिले के किसानों तक पहुंचे। उनकी नियुक्ति को किसान हित में एक सकारात्मक और दूरदर्शी निर्णय के रूप में देखा जा रहा है।

# राइजिंग लाइन की मंजूरी नहीं, हुआ प्रोजेक्ट का उद्घाटन



**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा मनेन्द्रगढ़ स्थित गैस प्लांट का उद्घाटन कर दिया गया है, लेकिन उद्घाटन के साथ ही कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब तक एक भी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति शुरू नहीं हुई है और फिलहाल इसकी स्पष्ट समयसीमा भी तय नहीं है, तब तक उद्घाटन किस आधार पर किया गया?

कंपनी का दावा है कि इस गैस प्लांट से सरगुजा संभाग के पांच जिलों को लाभ मिलेगा। साथ ही यह भी प्रचारित किया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में इस योजना की शुरुआत पहली बार एमसीबी जिले से हुई है। हालांकि जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले का सबसे बड़ा और सर्वाधिक आबादी वाला शहर चिरमिरी इस योजना के दायरे से बाहर बताया जा रहा है। इसके अलावा मनेन्द्रगढ़ के समीप स्थित नगर पंचायत झगराखांड, नई लेदरी और खोंगापानी को भी गैस आपूर्ति का लाभ फिलहाल नहीं मिलने की बात सामने आई है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब जिले के प्रमुख क्षेत्रों को ही योजना से वंचित रखा जा रहा है, तो फिर इसका व्यापक लाभ किसे मिलेगा? गैस पाइपलाइन बिछाने के नाम पर मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका क्षेत्र के कई वार्डों में सड़कों को खोद दिया गया। नियमों के तहत पाइपलाइन कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित एजेंसी को सड़क को पूर्व स्थिति में बहाल करना अनिवार्य होता है। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है। परिणामस्वरूप वार्डवासियों को रोजाना धूल, कीचड़ और गड्ढों से जूझना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।नागरिकों का कहना है कि गिनी-चुनी सड़कों की मरम्मत या तो नगर पालिका ने अपने खर्च पर कराई है या कंपनी द्वारा औपचारिकता निभाई गई है, जबकि अधिकांश सड़कें अब भी बदहाल स्थिति में हैं। सूत्रों के अनुसार कंपनी को फिलहाल राष्ट्रीय राजमार्ग से गैस लाकर कठौतिया स्थित प्लांट तक पहुंचाने (मेन पाइपलाइन) की अनुमति मिली है। लेकिन उपभोक्ताओं के घरों तक गैस पहुंचाने के लिए आवश्यक राइजिंग लाइन की मंजूरी अब तक प्राप्त नहीं हुई है। यही कारण है कि प्लांट के उद्घाटन के बावजूद गैस आपूर्ति शुरू होने की कोई स्पष्ट संभावना नजर नहीं आ रही। उद्घाटन के बाद भी जब उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल पा रही है और आधारभूत अनुमति लंबित है, तो यह परियोजना फिलहाल सिर्फ कागजों और औपचारिकताओं तक सीमित दिखाई देती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले सड़कों की मरम्मत और आवश्यक अनुमतियों की प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए थी, उसके बाद उद्घाटन किया जाना चाहिए था। अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग और कंपनी जनता की परेशानियों को कितनी गंभीरता से लेते हैं और आखिरकार उपभोक्ताओं तक गैस आपूर्ति कब तक शुरू हो पाती है। फिलहाल क्षेत्रवासियों के मन में यही सवाल गूंज रहा है। 'उद्घाटन तो हो गया, लेकिन गैस कब मिलेगी?

## सर्वोच्च श्रमिक सम्मान मिला भैयालाल राजवाड़े को



**चरचा कॉलरी।** महाजन स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के 50वें गोल्डन जुबली वर्ष के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व खेल मंत्री भैयालाल राजवाड़े को एसईसीएल के सीएमडी हरिश दुहन द्वारा 'सर्वोच्च श्रमिक सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह क्षण न केवल उनके लिए बल्कि समूचे चरचा क्षेत्र के लिए गर्व का अवसर बन गया। भैयालाल राजवाड़े का जीवन संघर्ष, श्रम और सेवा की अद्भुत मिसाल है। वर्ष 1968 से 1978 तक उन्होंने चरचा कॉलरी की खदान में एक साधारण मजदूर के रूप में कार्य किया। वह दौर संसाधनों की भारी कमी का था। लोहे के सबल से कोयला तोड़ा जाता था और बांस की टोकरी में भरकर सिर पर रखकर कोयला बाहर निकाला जाता था। प्रतिदिन श्रमिक अपनी जान हथेली पर रखकर खदान के अंदर उतरते थे। सुरक्षा संसाधनों की बेहद कमी थी,उन्हीं कठिन परिस्थितियों में भइया लाला राजवाड़े ने देश की ऊर्जा आपूर्ति के लिए कोयला उत्पादन में अपना पसीना बहाया। वर्ष 1978 से लेकर 1978 तक की अवधि 10 वर्षों तक मजदूर के रूप में कार्य करने के साथ-साथ उन्होंने समाज सेवा को भी अपना ध्येय बनाए रखा। वे आज भी सार्वजनिक मंचों पर गर्व से कहते हैं— 'मैं चरचा कॉलरी का मजदूर रहा हूं और मुझे इस पर गर्व है।

# कचरा को लेकर नर्सरी नगर में विवाद, चापड़ से किया हमला

**कोरबा।** वैष्णव दरबार के पास चरित्र संदेह में पति ने पत्नी को मारने की कोशिश की। उधर पानी टंकी के नर्सरी नगर में नाली में कचरा फेंकने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ लोगों ने मिलकर एक परिवार के दो से अधिक सदस्यों को जख्मी कर दिया। उन पर चॉपड से हमला किया गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस पर कार्रवाई करने में ढिलाई बरतने कहां आरोप लगाया। वहीं पुलिस ने इस दावे को खारिज किया। पुलिस ने घटना को कारित करने वाले लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## पुलिस पर कार्रवाई में ढिलाई बरतने का आरोप



कोरबा के कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पानी टंकी नर्सरी नगर में यह घटना हुई। सर्वमंगला मंदिर क्षेत्र में खिलौने बेचकर जीविका चलाने वाले परिवार की सदस्य किरण ने बताया कि पड़ोस के कुछ लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया। इनमें दीपक और और सहयोगी शामिल है। बताया गया कि घर के सामने की डाली में इन लोगों के द्वारा अक्सर कचरा और राख फेंका जा रहा है जिसके कारण समस्या पैदा हो रही है। हमारी ओर से इस मामले में उन लोगों को समझाया गया और ऐसा करने से रोका गया। जिस पर उन्होंने समझने के बजाय बहस की, धमकी दी। किरण ने कहा कि, मुझे घर से मंदिर जाते और आने के दौरान कभी भी गलत काम करने और मारपीट करने की धमकी दी गई। हमने पुलिस को इस बारे में अवगत कराया तो उसने ध्यान नहीं दिया। कुछ घंटे बाद संबंधित लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। वे लोग हाथ मे हथियार जैसा कुछ रखे थे। किरण और उसकी बहन को इस दौरान चोट आई। घर में घुसकर घटना को अंजाम देने वाले लोगों ने कहा कि यहां वहां शिकायत करने पर आगे देखेंगे। और तो और, इस घटना के बाद जब हम लोग पुलिस थाने गए तो कहा गया कि खुद ही मुलाहिजा कराओ। पीड़ित पक्ष के इस आरोप को लेकर जब कोरबा नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा नही है। पीड़ित पक्ष की शिकायत मिलने पर हमारे कांस्टेबल उन्हें लेकर अस्पताल गए और वहां पर उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। इस घटना को लेकर अपराध दर्ज किया गया है और आगे कार्रवाई की जा रही है।

# दो लाख के मुआवजे पर समझौता आधी रात को प्रदर्शन हुआ खत्म



**कोरबा।** हरदीबाजार में वाहन चालक की लापरवाही से गर्भवती महिला शशि सूर्यवंशी की मौत के मामले में ग्रामीणों द्वारा किया गया चक्काजाम गत रात्री 12 बजे समाप्त हो सका। वाहन मालिक और प्रशासन द्वारा कुल 2 लाख 15 हजार का मुआवजा फौरी तौर पर देना तय हुआ। अन्य कार्यवाही बाद में होगी।

शनिवार को दोपहर मुड़पार बाजार क्षेत्र में यह घटना भोलाराम सूर्यवंशी के घर हुई थी। बुड़गहन के रास्ते जा रहे हाईवा ने गलत दिशा से रास्ता बदला और घर में जा घुसा। एक स्थान पर बर्तन मांज रही शशि सूर्यवंशी इस घटना की चपेट में आयी और उसकी मौत हो गई। परिजनों और ग्रामीणों ने मृतका का शव रखकर कई घंटे प्रदर्शन किया और चुनौतियां खड़ी कर दी। हमारे हरदीबाजार संवाददाता ने बताया कि रात्रि 12 बजे तक चक्काजाम जारी रहा। इसके चलते दोनों रास्तों पर आवाजाही बाधित रही। सैकड़ों की संख्या में वाहनों की लाइन लगने से परेशानियां बढ़ीं। सीएसपी दर्री विमल पाठक, तहसीलदार राजभानू के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारी सहित हरदीबाजार, कुसमुंडा और दीपका थाने के टीआई ने यहां पर मोर्चा संभाला। अंतिम रूप से वाहन मालिक ने यहां पहुंचकर मृतका शशि सूर्यवंशी के परिजनों को दो लाख रूपए मुआवजा देना तय किया। वहीं अंतिम संस्कार के लिए प्रशासन की ओर से 15 हजार रूपए दिए गए। इस विकल्प को उचित मानते हुए जाम समाप्त किया गया और आवागमन बहाल किया गया। बताया गया कि मृतका के जीवन बीमा का क्लेम दिलवाने के लिए प्रशासन आगे अपनी ओर से भरपूर सहयोग करेगा। रोजगार को लेकर कोई चर्चा मौके पर नहीं हुई।



## महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, गेवरा में भण्डारा कल

**कोरबा।** त्रियुगी नक्षत्र में आज महाशिवरात्रि पर धुमधाम से संपन्न हो रहा है। शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज हुई। जयघोष के साथ भक्तों ने भगवान शिव का पूजा अर्चन किया। ब्रम्हमुहूर्त में मंदिरों के पट खुल गये थे। श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर देवाधीदेव की पूजा-अर्चना की। सबके कल्याण की कामना की गई। कोरबा के सुभाष ब्लाक, मृत्युजंय मंदिर निगम कालोनी, रामपुर बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों के मंदिरों में गजब का उत्साह रहा। महाशिवरात्रि के पर्व पर आज केंद्रीय कर्मशाला गेवरा में पूजा अर्चना की गई और भण्डारा कल होगा। अधिकारी व कर्मचारी मिलकर प्रत्येक वर्ष भण्डारा लगाते है। इस वर्ष विकास शुक्ला, बीएल खुंटे, मुकूल कर्ष, एलपी चंद्रा, सहयोग कर रहे है। जबकि इधर भराकुड़ा में शिवपुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इंटक के मुधर सिंह के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में डीके मिश्रा, छंद राम राठौर सहित अनेको सदस्य शामिल हुए।

## रॉड से हमला कर किया जख्मी, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** रजगामार पुलिस ने जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आज उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र की ओमपुर कॉलोनी में गत दिवस 26 वर्षीय सुनील दास ने लोहे की रॉड से अपने पड़ोसी लखेश्वर यादव 25 वर्ष के सिर पर हमला कर दिया। इस घटना में उसका सिर फट गया। वहां कई टांके लगाने पड़े। टॉयलेट क दुरुपयोग को लेकर पीड़ित ने आरोपी से सिर्फ इतना कहा था कि मौके पर पानी क्यों नही डाला। इसी पर उसने सीनाजोरी की और फिर जान लेने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित का उपचार करने के बाद डॉक्टर की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज किया गया। अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने सिस्टम को और बेहतर करने की बात कही है।

## सौरभ सिंह ने कहा, विकसित भारत को समर्पित है बजट

**कोरबा।** कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ खारिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह कोरबा में पत्रकारों से बजट को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा जो बजट पेश किया गया है, उसमें विकसित भारत के सभी पहलुओं को ध्यान में रखने की कोशिश की गई है। राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने तथ्यों और आंकड़ों के साथ केंद्रीय बजट पर चर्चा की। सौरभ सिंह ने बताया कि जीवन के सभी क्षेत्र को प्रभावित करने की क्षमता बजट रखता है। भारत सरकार ने शहरी और ग्रामीण विकास के साथ-साथ विभिन्न पक्षों को इसमें महत्व देने की कोशिश की है। सौरभ सिंह ने कहा कि बजट को लेकर विपक्ष चाहे जितनी हाय तौबा कर ले, सच्चाई यह है कि बजट बहुत बेहतर है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, मेयर संजू देवी राजपूत , जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व मेयर जोगेश लाम्बा, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह और पार्षद अशोक चवलानी उपस्थित थे।

# कॉलोनी में मंदिर, प्रबंधन ने दावा किया खारिज

## तहसीलदार ने एनटीपीसी को नोटिस जारी कर मांगी जानकारी

**कोरबा।** एनटीपीसी एक बार फिर सूचना के अधिकार से जुड़े एक प्रकरण को लेकर चर्चा में है। स्थानीय निवासी द्वारा आवासीय परिसर के मंदिर क्षेत्र में कथित पेड़ कटाई को लेकर जानकारी मांगी गई थी। इसके जवाब में प्रबंधन की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि संबंधित परिसर टाउनशिप प्रशासन के अंतर्गत नहीं आता तथा इस विषय से संबंधित कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं है। एसडीएम से की गई शिकायत के बाद दर्री तहसीलदार प्रियंका चंद्रा ने एनटीपीसी को नोटिस जारी किया है। उसे कहा गया है कि वह कटाई के मामले में पूरी जानकारी 16 फरवरी से पहले उपलब्ध कराये।

सूचना के अधिकार आवेदन में 17 नवम्बर 2025 से 21 नवम्बर 2025 के बीच मंदिर परिसर में पेड़ कटाई की अनुमति तथा उससे जुड़े दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति मांगी गई थी। 27 जनवरी 2026 को जारी उत्तर में जन सूचना अधिकारी ने बताया कि मंदिर परिसर टाउनशिप प्रशासन के अधीन नहीं आता, इसलिए मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं है। यदि परिसर टाउनशिप प्रशासन के अधीन नहीं है, तो वह किस प्राधिकरण के अंतर्गत आता है? क्या आवासीय क्षेत्र के भीतर होने वाली गतिविधियों की निगरानी किसी अन्य इकाई द्वारा की जाती है। सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अनुसार यदि मांगी गई सूचना संबंधित प्राधिकरण के पास उपलब्ध नहीं है, तो उसे पांच दिनों के भीतर उचित विभाग को प्रेषित किया जाना चाहिए। साथ ही, 'अभिलेख उपलब्ध नहीं' कहा जाना तभी स्वीकार्य माना जाता है जब संबंधित अभिलेख अस्तित्व में ही न हों। अन्यथा यह प्रशासनिक शिथिलता के रूप में देखा जा सकता है। फिलहाल इस मामले में प्रबंधन के उत्तर के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। संबंधित पक्षों की ओर से आगे क्या कदम उठाए जाते हैं, इस पर नजर रहेगी।

## आंतरिक मार्गों को है सुधार की जरूरत

**कोरबा।** एसईसीएल कालोनी के अनेक आतंरिक मार्गों को सुधार की आवश्यकता महसूस हो रही है। क्षेत्र के कर्मियों और नागरिकों ने प्रबंधन का ध्यान इस तरह आकर्षित किया है।


**आवश्यकता है**

कोरबा में अनुभवी कार ड्रायवर की शीघ्र आवश्यकता है।

// संपर्क करे //

मो. 9826389894








स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com